दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनू, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 294 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 19 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल से मिले नए मुख्य सचिव श्रीनिवास, ब्यूरोक्रेसी के स्वर्णिम अध्याय का शुभारंभ

**प्रदेश के विकास के रोड मैप के बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के लिए अब नए सिरे से रणनीति हो रही तैयार**

**राइजिंग राजस्थान प्रवासी राजस्थानी दिवस भाजपा के संकल्प पत्र बजट घोषणा के क्रियान्वयन को लेकर हुई चर्चा**

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के नए मुख्य सचिव वी श्रीनिवास कितने एक्टिव हैं इसका अंदाज़ इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार को उन्होंने दिल्ली से जयपुर आकर कार्यभार ग्रहण किया और फिर उन्होंने शासन सचिवालय में विभिन्न विभागों के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक की इसके अलावा विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टर से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए कार्यभार ग्रहण करने के अगले ही दिन मंगलवार को मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की हालांकि यह एक तरीके से औपचारिक मुलाकात बताई गई लेकिन हकीकत यह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव श्रीनिवास दोनों ही अपनी जिम्मेवारी को अच्छी तरह से समझते हैं और एक-एक पल का सदुपयोग प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा करने और प्रदेश के सर्वांगीण विकास गति देने में ही बिताना चाहते हैं इसीलिए मंगलवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान श्रीनिवास ने प्रदेश के रोड मैप को लेकर विस्तार से बातचीत की मुख्यमंत्री शर्मा ने उन्हें सरकार के विजन दृष्टिकोण से अवगत करवाया केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के पारदर्शक और बेहतर तरीके से संपादन की आवश्यकता बताई वैसे मुख्यमंत्री शर्मा खुद भी जानते हैं कि श्रीनिवास ने अपना लंबा समय यहां बिताया है और कई बड़े डिपार्टमेंट में उन्होंने अच्छा कार्य करके दिखाया है इसलिए राजस्थान श्रीनिवास के लिए नया नहीं है और सरकार के संकल्प विजन और लक्ष्य से भी अनजान नहीं है पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्य सचिव श्रीनिवास ने कहा था कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश आए प्रदेश में जारी सभी प्रोजेक्ट निर्धारित समय पर पारदर्शक ढंग से पूरे हो प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था और मजबूत हो प्रदेश में अच्छा औद्योगिक माहौल बने और सरकार की ओर से संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंचे इन सब बातों का मुख्य सचिव विनाश ने पत्रकारों के समक्ष पहले से ही जिक्र किया था, इसलिए मंगलवार को मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान श्रीनिवास ने मुख्यमंत्री शर्मा को भरोसा दिलाया कि प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी सरकार के विजन संकल्प और लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगे।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्य सचिव श्रीनिवास को उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की जानकारी के अनुसार मंगलवार का दिन मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव दोनों के लिए काफी व्यस्त रहा ।मुख्यमंत्री से भी दिनभर मिलने आने वाले विशिष्ट लोगों के आने जाने का सिलसिला बना रहा । मुख्य सचिव से भी दिनभर अधिकारियों के मिलने का सिलसिला जारी रहा ।कई आईपीएस ,आईएएस ,आरएएस अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की । जानकारी के अनुसार पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जब दिल्ली गए थे उस समय श्रीनिवास ने दिल्ली में ही भजनलाल शर्मा से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद लगने लगा था कि प्रदेश के अगले नए मुख्य सचिव श्रीनिवास ही होंगे। मुख्यमंत्री शर्मा श्रीनिवास के कार्यों उनकी ओर से दिल्ली में विभिन्न डिपार्टमेंट में किए गए नवाचारों इत्यादि के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा को भी यह पूरी उम्मीद है कि श्रीनिवास राजस्थान में अपने नवाचारों और नए प्रयोगों से प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में तो क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं ।जिसकी वजह से सरकार का संकल्प औरविजन शानदार ढंग से संपादित होने को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा पूरी तरह से आसान्वित है ।

## कैबिनेट की बैठक आज, सरकार के 2 साल और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह विषयों पर होगी चर्चा

### राजस्थान विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर भी हो सकती है चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक आज आयोजित की जा रही है, बैठक में राइजिंग राजस्थान के क्रियान्वयन प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह जैसे कई बड़े मुद्दों को लेकर सामूहिक मंथन होगा और इसके बाद में आवश्यक निर्णय भी लिए जा सकते हैं इसके अलावा इस बैठक में राजस्थान विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर भी चर्चा होने की बात कहीं जा रही है, आज आयोजित हो रही कैबिनेट बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है अभी हाल ही में अंता विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हो सकती हैं, क्योंकि राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बहुत अच्छे कार्य किए हैं अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं और कई बड़े प्रोजेक्ट जारी हैं लेकिन कहीं ना कहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों का ठीक तरह से जनता में प्रचार प्रसार नहीं हो पाया। इसलिए प्रदेश सरकार के उल्लेखनीय कार्यों के बारे में जनता को बताना बहुत जरूरी है इस विषय पर आज की बैठक में विस्तार से चर्चा हो सकती है, सरकारी स्तर पर कैसे और किस तरह से पार्टी के कार्यक्रमों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं इसके लिए पार्टी के विधायकों और मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जिम्मेदारी सुनिश्चित किए जाने के बारे में भी आज की बैठक में चर्चा हो सकती है, इसके अलावा प्रदेश सरकार के 2 साल के कार्यकाल पूरा होने वाला है ।2 साल के कार्यकाल के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के बारे में भी आज की इस बैठक में विस्तार से चर्चा होने की बात कही जा रही है जानकारी के अनुसार लोकसभा के शीतकालीन सत्र की अवधि निश्चित हो चुकी है इसलिए राजस्थान विधानसभा के शीतकालीन को लेकर भी आज की बैठक में चर्चा होने के चांस बताये जा रहे हैं हालांकि राजस्थान में विधानसभा का शीतकालीन सत्र अभी निकट अवधि में शुरू होने के बहुत कम चांस है लेकिन फिर भी आने वाले शीतकालीन सत्र में राजस्थान सरकार की ओर से ले जाने वाले बिलों की रूपरेखा को तैयार करने के संबंध में भी कैबिनेट की बैठक में चर्चा हो सकती है, हालांकि आज की इस कैबिनेट की बैठक में बातचीत का प्रमुख बिंदु सरकार के 2 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में कार्य योजना ही ज्यादा बताई जा रही है, इसी विषय पर आज ज्यादा चर्चा होगी किस तरह से सरकार कार्यक्रमों का आयोजन करें किस तरह से पब्लिक में सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रचार हो मुख्य समारोह का आयोजन कहां किया जाए किस-किस को बुलाया जाए इन सब के बारे में आज की बैठक में चर्चा होने की बात कही जा रही है।

## भजनलाल सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि, जल संरक्षण संचय में दिल्ली में मिला पुरस्कार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजन लाल सरकार ने एक बार फिर पूरे देश में अपनी प्रतिष्ठा साबित करते हुए जल संचय जल संरक्षण और जन भागीदारी के क्षेत्र में लगातार तीसरा स्थान हासिल किया है, जिसके फल स्वरूप राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को दिल्ली में राजस्थान के जल डिपार्टमेंट के अधिकारियों को पुरस्कृत किया । यह राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल संचय और जन भागीदारी के क्षेत्र में प्रदेश में कार्य कर रहे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है, और आगे भी इसी तरह से बेस्ट कार्य करके प्रदेश के विकास को गति देने की बात कही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेश में जल संचय और जन भागीदारी के विषय को प्रायोरिटी पर लिए हुए हैं इस कार्य हेतु संबंधित विभाग को गंभीरता से कार्य करने के लिए कहा गया, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस कार्य को प्राथमिकता से लिया उसी का परिणाम है कि राजस्थान को पूरे देश भर में यह बड़ा सम्मान मिला। मुख्यमंत्री शर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि जिस तत्परता प्रेरणा और लगन से उन्होंने अब तक इस योजना के कार्य को गति दी है, आगे भी उन्हें उम्मीद है कि इसी तरह से इस योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे क्योंकि राजस्थान में पानी की समस्या सालों से है इसलिए राजस्थान जैसे प्रदेश के लिए जल संचय और जल संरक्षण बहुत जरूरी है और यह कार्य जनता के सहयोग से ही ठीक तरह से ज्यादा संपादित हो सकता है उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह से इस कार्य को गति देने के लिए तैयार है, जानकार लोगों का कहना है कि जब से भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी ली उस दिन से ही उनका पूरा फोकस पानी के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा काम करने को लेकर रहा है खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कहते हैं कि उनके पहले कार्यकाल में पानी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम हुए सबसे ज्यादा बड़े फैसले लिए गए इसके अलावा बरसात के पानी की एक-एक बूंद का संचय किया जाए

## मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य : दिल्ली में देश भर के बड़े कांग्रेस नेताओं की बैठक

**विभिन्न राज्यों के कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष, कांग्रेस के प्रतिपक्ष के नेता, पार्टी के राज्यों के प्रभारी बैठक में रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन और कांग्रेस पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। एक तरफ बिहार में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा तो दूसरी तरफ बिहार के बाद देश के दर्जन पर राज्यों में मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य शुरू हो चुका है बिहार में चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर राहुल गांधी पहले ही कई बड़े आरोप लगा चुके हैं करीब 80 लाख लोगों के नाम काटे जाने की बात राहुल गांधी कह चुके हैं, इसके बाद हरियाणा में भी वोट चोरी के आरोप राहुल गांधी ने लगाए हैं, इसलिए चुनाव आयोग की ओर से देश के कई राज्यों में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर बारीकी से नजर रखने के लिए दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में देश भर के पार्टी के संगठन से जुड़े बड़े नेताओं की बैठक हुई इस बैठक में कई राज्यों के पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जिन राज्यों में विपक्षी दल की सरकारें हैं और कांग्रेस सदन में विपक्ष में बैठी है उन राज्यों के कांग्रेस पार्टी के प्रतिपक्ष के नेता विभिन्न राज्यों में कांग्रेस पार्टी के प्रभारी और विभिन्न राज्यों की पार्टी के कई बड़े वरिष्ठ नेताओं को इस बैठक में बुलाया गया। बैठक में राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी शामिल रहे। बैठक में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री वेणुगोपाल और पार्टी के कई बड़े केंद्रीय नेता मौजूद रहे ,बैठक में पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनाव आयोग की ओर से विभिन्न राज्यों में संपादित की जा रही मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर बारीकी से नजर रखने को कहा गया है । एक भी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से कटे नहीं इसके लिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं को विशेष हिदायत दी गई है, हालांकि जिन राज्यों में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य चल रहा है ,वहां कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाइयों की ओर से बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी की नियुक्ति करके उन्हें इस पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है। राजस्थान में भी राजस्थान कांग्रेस की ओर से बूथ स्तर पर पदाधिकारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी गई है ,यह बात राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मीटिंग में कहीं भी है।दिल्ली में हुई इस बड़ी बैठक में अब जिन राज्यों में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव आयोजित होंगे , वहां कैसे और किस तरह से कांग्रेस पार्टी की तैयारी को अमली जामा पहनाया जाए। बिहार के चुनाव में कौन सी वजह रही जिसकी वजह से कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा इसके बारे में भी मंगलवार को ही बैठक में चर्चा की गई साथ ही यह भी कहा गया कि बिहार में पार्टी को मिली हार से हताश नहीं होना है, बल्कि पूरे जोश और उत्साह के साथ पार्टी के संगठन को गति देनी है और जिन राज्यों में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं वहां पार्टी के संगठन को निचले स्तर पर और मजबूत करने के साथ-साथ जमीन से जुड़े पार्टी के नेताओं को ज्यादा तवज्जो देने की बात आज की बैठक में पार्टी के नेताओं की ओर से कही गई।

## दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने राहुल गांधी से मुलाकात की

**गोविंद सिंह डोटासरा ,टीकाराम जूली, सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रमोद जैन भाया ने मुलाकात की**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने मंगलवार को दिल्ली में राहुल गांधी से और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन से मुलाकात की मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने अंता विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले प्रमोद जैन को शाबाशी दी और उनके अच्छे कार्यकाल की कामना की जानकारी के अनुसार मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस के दिल्ली दरबार की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण अभियान को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में राहुल गांधी भी मौजूद थे इस बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीका राम, राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा और सचिन पायलट भी दिल्ली गए थे। इसलिए मंगलवार को दिल्ली में राहुल गांधी से इन सभी बड़े नेताओं ने सामूहिक रूप से मुलाकात की इन नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से भी मुलाकात की ।राहुल गांधी से बातचीत के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता सामूहिक रूप से प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ डटकर मुकाबला कर रहे हैं । वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर की राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की ओर से हस्ताक्षर अभियान को सफलतापूर्वक संपादित किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली दोनों ही नेताओं ने राहुल गांधी को विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के जीवन विरोधी कार्यक्रमों जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस एकजुट होकर लड़ाई लड़ रही है ,इसी का परिणाम रहा की अंता विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की ओर से कई बड़े नेताओं ने चुनाव प्रचार किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जैसे बड़े नेताओं ने वहां पर चुनाव प्रचार किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी के मजबूत संगठन और कांग्रेस पार्टी के मजबूत चुनावी प्रबंधन की वजह से कांग्रेस पार्टी को जीत मिली। राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नगर निकाय और पंचायत राज चुनाव नहीं करवाए जाने को लेकर राजस्थान कांग्रेस की ओर से कोर्ट की कार्रवाई के लिए की जा रही तैयारी के बारे में भी राहुल गांधी को जानकारी दी। इसके अलावा राजस्थान में संपादित हो रहे मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य में राजस्थान में प्रत्येक मतदान केंद्र पर राजस्थान कांग्रेस की एक मजबूत टीम नियुक्त किए जाने के बारे में भी राहुल गांधी को बताया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल से दिया कुमारी की मुलाकातः घूमर महोत्सव के लिए दिया निमंत्रण

**जयपुर के विद्याधर नगर के फुटबॉल मैदान पर आज भव्य घूमर महोत्सव का आयोजन**

**प्रदेश के सभी संभागों में आज होगा यह भव्य आयोजन वैश्विक स्तर पर घूमर को पहचान दिलाने की बड़ी कोशिका**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की मुलाकात के दौरान दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री शर्मा को विद्याधर नगर में बुधवार को आयोजित हो रहे भव्य घूमर महोत्सव का निमंत्रण दिया, बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के सभी संभागों में घूमर महोत्सव का सामूहिक रूप से एक ही दिन आयोजन किए जाने के निर्णय पर खुशी जाहिर की और इस कार्य के लिए दिया कुमारी की तारीफ भी की बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से उनका प्रयास है कि घूमर को वैश्विक स्तर पर ज्यादा से ज्यादा पहचान और लोकप्रियता दिलाने तथा राजस्थान के इस पारंपरिक लोक नृत्य लोक कलाओं पारंपरिक वेशभूषा पारंपरिक ज्वेलरी इत्यादि के बारे में राजस्थान की युवा पीढ़ी को ही नहीं बल्कि देश और दुनिया की युवा पीढ़ी को जानकारी देने के लिए यह आयोजन काफी सहायक साबित होगा, दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान कहा कि इस प्रयास से प्रदेश में देश और विदेश के पर्यटकों की संख्या में और भी इजाफा होगा बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि वैसे तो राजस्थान का घूमर नृत्य पहले से ही पूरी दुनिया में लोकप्रिय है लेकिन इस तरह के आयोजन नियमित रूप से किए जाने से राजस्थान की कला संस्कृति वेशभूषा पारंपरिक नृत्य संगीत इत्यादि के बारे में नए केवल राजस्थान की युवा पीढ़ी ही नहीं बल्कि देश की युवा पीढ़ी हुई ठीक तरह से जान सकेगी, इसीलिए 19 नवंबर को प्रदेश के सभी संभागों में राजस्थान के इतिहास में पहली बार घूमर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने दिया कुमारी के निमंत्रण को स्वीकार किया और बुधवार को विद्याधर नगर में आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय घूमर महोत्सव में आने को भी कहा । आज जयपुर में ही नहीं बल्कि प्रदेश के सभी संभागों में शानदार तरीके से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी इस पूरे कार्यक्रम का निर्देशन और प्रबंधन करती हुई नजर आई है, इस कार्यक्रम को लेकर पहले दिन से ही दिया कुमारी काफी गंभीर और उत्साहित नजर आई और दिया कुमारी ने प्रदेश की सभी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और ग्रहणी महिलाओं को इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए भी कहा था इसके अलावा ग्रुप के माध्यम से भी महिलाओं को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिक्वेस्ट की थी जिसकी वजह से करीब 4500 आवेदन ऑनलाइन इस कार्यक्रम के लिए प्रस्तुत किए गए तथा करीब 500 आवेदन ऑफ़लाइन मिले हैं जिन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आवेदन किए हैं उन्हें बाकायदा सरकार की ओर से नृत्य विशेषज्ञों की ओर से नृत्य की ट्रेनिंग भी दिलवाई गई है कार्यक्रम में सरकार की ओर से नगद पुरस्कारों की भी घोषणा की गई है ।

# सरदार@150 यूनिटी मार्च, खैरथल में हजारों लोगों ने निभाई भागीदारी






## देश भक्ति गीतो से दिया राष्ट्रीय एकता और अखण्डता का संदेश

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार माय भारत इनिशिएटिव के तहत मंगलवार को भगत सिंह चौक से जिला सचिवालय खैरतल तक सरदार@150 यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत सिंह यादव, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत की। सरदार@150 पदयात्रा भगत सिंह चौक, हेमू कॉलोनी चौक से होते हुए जिला सचिवालय खैरथल तिजारा पहुँचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लिए 'भारत माता की जयघोष' और 'सरदार पटेल अमर रहें' के नारों के साथ भाग लिया और देशभक्ति से ओतप्रोत सुमधुर स्वरलहरियां बिखेरी। प्रतिभागी युवाओं को 'मेरा युवा भारत' की टी-शर्ट वितरित की गई। वंदे मातरम के साथ आरंभ हुए मार्च में युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता, सरदार पटेल और आजादी के नारे लगाकर देशभक्ति का माहौल सृजित कर दिया। राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत सिंह यादव ने कहा कि सरदार पटेल का भारत के एकीकरण में योगदान अतुलनीय है, और उनका संदेश गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक पहुँचाना आज की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने अपने संबोधन में भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक आयोजित सरदार@150 कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि सरदार पटेल की दृढ़ इच्छा शक्ति और संघर्ष के कारण ही भारत एक सशक्त, संगठित राष्ट्र बन सका। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान सामुहिक राष्ट्रगान का वाचन किया गया। यूनिटी मार्च में स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी, माय भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, स्वयंसेवी संस्थाएँ और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना और बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विभागों, संस्थाओं व नागरिकों का जिला युवा अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, उपसभापति वरुण डाटा, पूर्व सभापति अशोक डाटा, उम्मेद भाया, अनूप सिंह यादव, पवन यादव, पंकज यादव, तरुण दुलानी, ध्रुव कुमार उपाध्याय सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अलवर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान

### विज्ञान भवन में जल शक्ति मंत्री से जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्राप्त किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल ने छठे 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार- 2025' 'प्रथम जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी)' में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अलवर जिले का पश्चिमी क्षेत्र जिले की तृतीय श्रेणी में प्रथम स्थान पर चयन होने पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू की ओर से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके तहत तृतीय श्रेणी में प्रथम स्थान पर जिले का चयन होने पर 25 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान 'वर्षा जल संचयन' (कैच द रेन) के तहत जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) के अंतर्गत प्रमुख समुदाय-संचालित कार्यक्रम है। समग्र सरकार और समग्र समाज के दृष्टिकोण से प्रेरित यह पहल जमीनी स्तर पर जल प्रबंधन सहभागिता और सतत जल प्रशासन को बढ़ावा देती है। इन जल संरचनाओं में भवनों की छतों पर वर्षा जल संचयन के साथ ही झीलों, तालाबों और बावड़ियों का पुनरुद्धार करना शामिल है। इस पहल के तहत राज्यों को पांच क्षेत्रों में विभाजित कर कम से कम दस हजार कृत्रिम पुनर्भरण और जल भंडारण संरचनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर 31 दिसंबर तक होंगे आयोजित

### जिला स्तरीय शिविर का 21 नवम्बर को आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य में वित्तीय सेवाएं विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत 'आप की पूँजी, आपका अधिकार' जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला स्तरीय शिविर 21नवम्बर को आयोजित होगा। लीड बैंक अधिकारी बाबूलाल पालरिया ने बताया कि सभी बैंकों की देखरेख में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक आदिनाथ जैनशिक्षण संस्थान स्कीम नं.8 में विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में नागरिकों को अनक्लेम्ड जमा, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फंड प्राप्त करने हेतु सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे। आवश्यकतानुसार लाभार्थी/दावेदार के केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने और दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शामिल होकर भारत सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल का लाभ उठाएँ। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में आगामी अवधि में 31 दिसंबर 2025 तक इस प्रकार के अनेक शिविरों का आयोजन चरणबद्ध रूप से किया जाएगा।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्र सरकार द्वारा गुरू नानक विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इसी कडी में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशों की पालना में जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अभियान के तहत ऑफलाइन एवं ऑनलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम, रैलियां एवं सेमिनार इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि नशा हमारे समाज एवं परिचवार को कमजोर बनाता है। युवाओं में नशे की बढती हुई प्रवृति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराई जाती है जिससे युवा नशे को छोडकर अपने समाज, परिवार एवं देश को नशामुक्त करने का प्रयास करें। इस दौरान सहायक निदेशक औषधि नियंत्रण द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कराया गया। जिले में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों एवं जिले के सरकारी कार्यालयों में कार्मिकों को शपथ दिलाई गई।

## विदेशी भाषा में हैं ढेर सारे जॉब्स : जी. एन. सैनी

**जयपुरः** विदेशी भाषा शिक्षण संस्थान फॉरेन लैंग्वेज एंड प्लसमेंट स्टूडियो (जी एन एस ) के संस्थापक जी एन सैनी ने हाल ही में जर्मनी सहित 10 यूरोपियन देशों की यात्रा की है। सैनी की यह जर्मनी की ज़ाह जॉब्स एंड भाषा आधारित चतुर्थ यात्रा थी, जिसके दौरान उन्होंने युवाओं के रोजगार के लिए हॉस्पिटैलिटी, गैस्ट्रोनॉमी, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य और नर्सिंग क्षेत्रों की कंपनियों से एमओयू निष्पादित किए। जी एन सैनी ने प्रेस वार्ता में बताया कि उन्होंने जर्मनी के 20 से भी ज्यादा शहरों एवं 25 से ज्यादा यूरोपियन शहरों की 60 दिवसीय यात्रा की। यात्रा के दौरान सैनी ने 250 से भी ज्यादा भारतीय प्रोफेसनल्स मुलाकात की जो सैनी जी से जर्मन सीख चुके हैं ।

### कस्बा बना जाम जंक्शन

## अतिक्रमण और भारी वाहनों की अव्यवस्था ने बिगाड़ी सांस लेने तक की जगह

### नाराज़ लोगों ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग



जयपुर टाइम्स

**रैणी(निसं.)** रैणी कस्बे के बाजारों में अतिक्रमण और भारी वाहनों का अनियंत्रित प्रवेश अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का सबसे बड़ा सिरदर्द बन चुका है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि मुख्य बाजार से लेकर संकरी गलियों तक हर घंटे जाम लगना आम बात हो गई है। दुकानों के आगे बढ़ते अतिक्रमण, फुटपाथों पर फैली अवैध रेहड़ियां और बिना रोकटोक घुसते बड़े वाहन कस्बे की व्यवस्था को पूरी तरह चरमराकर रखे हुए हैं सबसे गंभीर बात यह है कि व्यस्त घंटों में ट्रकों व बड़े वाहनों का बाजार में बेरोकटोक प्रवेश न सिर्फ यातायात को बाधित करता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ा रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिला यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस तक जाम में फंस चुकी है, लेकिन हालात सुधारने के लिए न तो कोई ठोस कार्रवाई दिखती है और न ही प्रशासन की ओर से नियमित मॉनिटरिंग सुबह से रात तक जाम, बाजार में चलना मुश्किल और प्रशासन मौन यही लोगों की सबसे बड़ी शिकायत है। व्यापारियों ने भी माना कि अतिक्रमण व अव्यवस्थित पार्किंग ने ग्राहकों का बाजार में आना कम कर दिया है, जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है निवासियों का आरोप है कि कई बार प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता तक सीमित रह गई।लोगों ने मांग की है कि प्रशासन सख्ती दिखाए, नियमित अभियान चलाए, भारी वाहनों के प्रवेश पर समयबद्ध प्रतिबंध लगाए और वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करे।



*तिजारा। विधायक व बाबा मस्तनाथ सिद्ध पीठ अस्थल बोहर गद्दीनशीन महंत बालकनाथ योगी ने श्रद्धेय गोरक्षपीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी से भेंटकर 30 नवंबर को कबलाना (झज्जर) में होने वाले आठमान भंडारा कार्यक्रम का निमंत्रण दिया।*

## फेक न्यूज़ व डीप फेक पर लगाम : आईएसबी और राजस्थान पुलिस की विशेष

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** इंटरनेट पर तेज़ी से बढ़ रहे डीप फेक और फ़ेक न्यूज़ (झूठी ख़बरों) की चुनौती से निपटने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हैदराबाद और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आज राजस्थान पुलिस अकादमी के नालंदा सभागार में मीडियाकर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया और पुलिस को टूल्स की मदद से ऑनलाइन प्रसारित भ्रामक सामग्री को पहचानने और रोकने के तरीकों से अवगत कराना था। राजस्थान पुलिस अकादमी के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर में पुरानी घटनाओं को नई के रूप में प्रस्तुत कर चंद सेकंडों में लाखों लोगों तक पहुँचाया जाता है। उन्होंने इनफॉर्मेशन वॉर के टूल के रूप में फ़ेक न्यूज़ के कारण क़ानून और व्यवस्था बिगड़ने, मानसिक प्रताड़ना और फ़ाइनेंशियल फ्रॉड जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। डीजीपी श्री शर्मा ने बताया कि देश में 9 मिलियन से अधिक इंटरनेट यूज़र हैं, जिनमें से 34 प्रतिशत सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और अक्सर झूठी ख़बरों पर निर्भर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 18 से 24 वर्ष के युवाओं को इस संबंध में जनजागरूकता की सबसे अधिक ज़रूरत है। डीजीपी ने मीडिया से ब्रेकिंग न्यूज़ देने की जल्दबाज़ी में फैक्ट चेक (तथ्य जाँच) करने की अपील की, क्योंकि एक ग़लत न्यूज से बड़ा नुक़सान हो सकता है। उन्होंने मीडिया को भी तकनीक का इस्तेमाल करने और किसी भी स्तर पर शंका होने पर पुलिस के साथ मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। उनका ज़ोर था कि मीडिया और पुलिस अलर्ट रहे और भ्रामक प्रचार को रोकने के लिए मिलकर प्रयास करे ताकि सच्चाई ही आम जन तक पहुंचे और का इस्तेमाल अच्छे कामों में हो सके। इस कार्यशाला का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम भवन में किया गया।

## खरीफ प्याज की स्थिति का आंकलन करने के लिए केंद्रीय दल के अधिकारियों ने किया जिले का दौरा

### अधिकारियों, व्यापारियों की बैठक लेकर व फील्ड विजिट कर प्याज विपणन के संबंध में दी जानकारी





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के विभिन्न विभागों द्वारा गठित केंद्रीय दल के अधिकारी उप कृषि विपणन सलाहकार विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय बी.के पृष्टि, उप निदेशक उद्यान तकनीकी प्रभाग डॉ. बी.डी निगम, उप निदेशक समन्वित कीट प्रबंधन अर्जुनाल बैरवा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मूल्य निगरानी प्रभाग चिराग भाटिया, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी ए.के सिंह ने अलवर के दौरे पर रहकर जिले में खरीफ प्याज की स्थिति का आंकलन करने हेतु भ्रमण किया। इस दौरान केंद्रीय दल के अधिकारियों द्वारा कृषि उपज मंडी सभागार में अधिकारियों, प्याज विपणन से जुडे व्यापारियों की बैठक ली। बैठक में केंद्रीय दल के अधिकारियों ने जिले में खरीफ प्याज के उत्पादन, वर्तमान भाव, भण्डारण इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की तथा व्यापारियों एवं प्याज कृषकों से खरीफ प्याज के भण्डारण एवं भाव सुधार के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही प्याज के भाव सुधार एवं परिवहन हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरान्त केंद्रीय दल के अधिकारियों द्वारा पंचायत समिति मालाखेडा के महुवाखुर्द, महुआकलां एवं पंचायत समिति उमरैण के नांगल, पलखडी, माचडी गांवों में प्याज उत्पादक कृषकों के खेतों का अवलोकन कर प्याज उत्पादन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा कर कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित नवीन तकनीकों को अपनाने का सुझाव दिया गया। साथ ही कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु एनपीएसएस एप डाउनलोड करवाया गया। उन्होंने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्याज के निर्यात पर कोई बैन नहीं लगा रखा है। प्याज का निर्यात लगातार जारी है। इस दौरान उप निदेशक उद्यान कन्हैया लाल मीणा, कृषि उपज मंडी सचिव अंजू जाटव, आत्मा के उप निदेशक राजेन्द्र कुमार खण्डेलवाल, कृषि विज्ञान केंद्र नौगांवा के वैज्ञानिक सुभाष यादव, क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक जी.एल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## उजाला क्लिनिक की ओर से महाराजा अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में नशा मुक्ति जागरूकता सेमीनार आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सूरतगढ़(निसं.)।** उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के उजाला क्लिनिक की ओर से आज दिनांक 18 नवम्बर 2025 को नशा मुक्ति जागरूकता सेमीनार का आयोजन महाराजा अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में किया गया। जिसमें नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि किशोर-किशोरियों में होने वाले मानसिक व शारीरिक बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और नशे के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए और फास्ट फूड का सेवन कम से कम करना चाहिए। इस मौके पर काउन्सलर दीपक शर्मा ने नशे मुक्ति के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शौंक शौंक में शुरू किया गया कार्य कब शोक में बदल जाए इसकी जानकारी नशा करने वाले को भी नहीं होती। इसलिए हमें नशीले पदार्थों का सेवन करने से बचना चाहिए ताकि स्वस्थ जीवन जी सके। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. बीएल पूनिया ने आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को शुद्ध व पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह दी और नशे से अपने को बचाने के साथ साथ अन्य युवाओं को भी नशे से दूरी बनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। सेमीनार में नर्सिंग महाविद्यालय के हेमंत कुमार, मयूर शर्मा, राजकुमार तथा कृषि महाविद्यालय के प्रदीप कुमार, विनोद चौधरी उपस्थित रहे व कार्यक्रम में मंच संचालन कृषि व्याख्याता प्रवीण कुमार ने किया।

# एसीबी ने रिश्वतखोर पटवारी को 7000 रुपए की रिश्वत लेते दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने प्रदेश में ब्यावर में मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 7000 रुपए की रिश्वत लेते पटवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम गिरफ्तार पटवारी आनंद मेघवाल से गहनता से पूछताछ कर रही है आनंद मेघवाल की ओर से पिछले कुछ महीनो में निपटाए गए प्रकरणों दस्तावेजों और फाइलों की भी जांच कर रही है जांच कर रहे एसीबी के अधिकारियों को डाउट है कि गिरफ्तार पटवारी बिना रिश्वत लिए शायद कोई काम करता नहीं है इसीलिए उसकी ओर से निपटाई गई तमाम तरह की फाइलों की जांच पड़ताल की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार पटवारी आनंद मेघवाल है जिसने पीड़ित से विरासत की जमीन के नामांतरण के लिए रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत पीड़ित ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो के अधिकारियों ने पीड़ित की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वतखोर पटवारी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक योजना तैयार की इस योजना के तहत बुधवार को जैसे ही ब्यावर के पटवारी विश्रांति भवन में परिवार में आरोपी आनंद मेघवाल को 7000 रुपए की रिश्वत दी वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ आनंद मेघवाल को मौके पर ही पकड़ लिया द्य एसीबी की टीम इस बात की भी जांच पड़तालकर रही है बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी और अधिकारी और कर्मचारियों का हिस्सा तो तय नहीं है

# मतदाता सूची शुद्धिकरण प्रक्रिया पर कांग्रेस की कड़ी निगरानी : टीकाराम जूली



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया।बैठक के बाद जूली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्पष्ट मान्यता है कि मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित होनी चाहिए। इसमें किसी भी फर्जी नाम का प्रवेश न हो और किसी भी वैध मतदाता का नाम न कटे यह हमारी प्राथमिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रही स्ङ्ख प्रक्रिया पर पार्टी की पूरी नजर है और कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा को लेकर पूर्णतः संकल्पबद्ध है। जूली ने कहा कि राजस्थान में किसी भी प्रकार से वोट चोरी न हो इसको लेकर पार्टी के सभी बूथ लेवल पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे स्ङ्ख प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी दबाव या अनियमितता न हो, तथा पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो।

# शहर को संवारना सबकी जिम्मेदारी, विरासत को संभालकर ही भविष्य मजबूत होगाः झाबर सिंह खर्रा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर गुलाबी नगर की 298वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को माननीय नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा जी ने जयपुरवासियों के नाम एक विशेष संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि जयपुर सिर्फ इमारतों, चौक-चौराहों और बाजारों का शहर नहीं, बल्कि राजस्थान की पहचान, संस्कृति और गौरव का जीवंत स्वरूप है। इसलिए इसे स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखना हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। माननीय मंत्री ने कहा कि जिस शहर की नींव महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने अपनी दूरदर्शिता से रखी थी, उसकी जिम्मेदारी आज हमारे हाथ में है। हवामहल, आमेर किला और जंतर-मंतर जैसी विश्वविख्यात धरोहरें सिर्फ स्मारक नहीं, बल्कि राजस्थान के स्वाभिमान की पहचान हैं। इन्हें संभालना और आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुँचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री खर्रा जी ने अपील की कि शहर की सफाई को सिर्फ सरकारी काम न समझा जाए। उन्होंने कहा, 'जब जयपुर का हर कोना साफ रहेगा तो दुनिया को दिखेगा कि हम अपनी विरासत से कितना प्रेम करते हैं।' उन्होंने कचरे के उचित निपटान, पानी की बचत और पर्यावरण संरक्षण को 'शहर का भविष्य सुरक्षित करने वाला कदम' बताया। माननीय मंत्री जी ने जयपुर के विकास, हरियाली और सौंदर्यीकरण में आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि स्थापना दिवस पर हर जयपुरवासी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह शहर को देश के सबसे स्वच्छ और आकर्षक शहरों में शामिल करने के लिए अपना योगदान देगा। अंत में माननीय मंत्री महोदय ने जयपुरवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सामूहिक प्रयासों से गुलाबी नगर आने वाले वर्षों में प्रगति और सौंदर्य का एक नया मानक स्थापित करेगा।

# यूनिटी मार्च भारत की एकता, अखंडता और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीकः मदन राठौड़

## जयपुर में 26 यमुना प्रवाह को भजनलाल शर्मा और प्रदेश मदन राठौड़ दिखाएंगे हरी झंडी – गोठवाल

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** सरदार @ 150 यूनिटी मार्च की प्रदेश कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद डॉ राधामोहन दास अग्रवाल ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन योगदान और राष्ट्र-निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। डॉ.राधा मोहनदास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में इतिहास के अनेक तथ्य दबाए गए और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को व्यवस्थित रूप से कम करके दिखाया गया। सरदार @ 150 यूनिटी मार्च का उद्देश्य सरदार पटेल के व्यक्तित्व, उनके राष्ट्र एकीकरण के प्रयासों और उनके वास्तविक ऐतिहासिक योगदान को देश तक पहुँचाना है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल दृढ़ इच्छाशक्ति, ईमानदारी, निष्ठा और स्वाभिमान के प्रतीक थे। अंग्रेजी शासनकाल में भी उन्होंने अपनी शर्तें मनवाकर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ पटेल से प्रधानमंत्री पद तक छीन लिया, बल्कि उन्हें 1991 में भारत रत्न देने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को सजा तक दी। जबकि नेहरू और इंदिरा गांधी ने स्वयं को यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने 130 करोड़ देशवासियों के योगदान से दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर सच्ची श्रद्धांजलि दी है और अब उनकी 150वीं जयंती पर यह यूनिटी मार्च उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों का सफल एकीकरण कर एक भारत की नींव रखी। यह यूनिटी मार्च उसी एकता अखंडता और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। राजस्थान से निकलने वाली गंगा प्रवाह और यमुना प्रवाह का प्रदेशभर में भव्य स्वागत किया जाएगा और प्रतिभागियों को राजस्थान की संस्कृति परंपरा और आतिथ्य की यादगार अनुभूति कराई जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि यात्रियों का स्वागत बारात के स्वागत जैसा उत्साहपूर्ण हो। स्थानीय उत्पाद भेंट किए जाएँ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हों और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाए। यूनिटी मार्च में प्रत्येक सांसद प्रत्येक विधायक और जिलों के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक जितेंद्र गोठवाल ने यूनिटी मार्च की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए बताया कि गंगा प्रवाह 22 नवंबर को नई दिल्ली से रवाना होकर उसी दिन अलवर पहुंचेगी। अलवर से कोटा उदयपुर होते हुए यह गुजरात में प्रवेश करेगी। यहां अलवर में पौधारोपण योग कार्यक्रम कोटा में कोचिंग संस्थानों में संवाद उदयपुर में योग पौधारोपण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गोठवाल ने बताया कि 26 नवंबर को जयपुर में यमुना प्रवाह को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यमुना प्रवाह जयपुर बगरू पुष्करअजमेर जैतारण जोधपुर पाली और ?सिरोही होते हुए गुजरात में प्रवेश करेगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 नवंबर को दिन में कॉलेज संपर्क अभियान रात्रि में पुष्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह 27 नवंबर को अजमेर में योग छात्र परिसर संपर्क पौधारोपण, रात्रि में जोधपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम 28 नवंबर को जोधपुर में मेहरानगढ़ किला अवलोकन पाली के लिए प्रस्थान रात्रि में माउंट आबू में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भ्रमण, 29 नवंबर को आबू से गुजरात के आणंद के लिए प्रस्थान किया जाएगा। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा को भव्य सफल और यादगार बनाने में सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह से जुटें हुए है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल और राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री विनीत त्यागी भी मंचासीन रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल संचयन में देशभर में नई पहचान बना रहा जयपुर

## राष्ट्रीय जल संचय जन भागीदारी अवॉर्ड्स में जयपुर जिले ने हासिल किया द्वितीय पुरस्कार

## मुख्यमंत्री के 'जल संरक्षण संकल्प' को जिला प्रशासन ने प्रभावी क्रियान्वयन से दिया धरातलीय परिणाम

## कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में समन्वित प्रयासों से बढ़ी जिला स्तरीय उपलब्धियाँ



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व और राज्य सरकार की जल संरक्षण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप जयपुर जिला जल संचयन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन, स्पष्ट प्राथमिकताओं और जल सुरक्षा को राज्य के विकास एजेंडे के केंद्र में रखने की नीति ने जिला प्रशासन को जल संरक्षण को एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जयपुर जिले में जल संचयन की परंपरागत और आधुनिक दोनों पद्धतियों को एकीकृत कर व्यापक स्तर पर कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप जिले को राष्ट्रीय जल संचय जनभागीदारी अवॉर्ड्स में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित छठे राष्ट्रीय जल संचय जन भागीदारी सम्मान समारोह में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने जयपुर जिले को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया और प्रशस्ति पत्र के साथ 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। यह राशि आगे जिले में उन्नत जल संरक्षण मॉडल विकसित करने, तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने और ग्राम स्तर पर जल सुरक्षा परियोजनाओं के विस्तार में उपयोग की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. सोनी के प्रतिनिधित्व में यह पुरस्कार जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने ग्रहण किया। जयपुर जिले में जल संरक्षण कार्यों की श्रृंखला व्यापक और प्रभावी रही है। फार्म पॉण्ड, रिचार्ज शाफ्ट, सोक पिट, मैजिक पिट, कंटूर ट्रेंच, परकोलेशन टैंक तथा ग्राम स्तर पर वर्षाजल भंडारण से संबंधित कई नवाचारी संरचनाओं का रिकॉर्ड स्तर पर निर्माण किया गया। इन कार्यों ने जिले की जल धारण क्षमता को अनेक गुना बढ़ाया है और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। जयपुर जिले द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा नियुक्त केंद्रीय भू-जल बोर्ड के अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा जल संरक्षण कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए प्रशासनिक, तकनीकी एवं सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखने के निर्देशों का बेहतरीन प्रभाव जयपुर में देखने को मिला, जहाँ जिला प्रशासन, पंचायत राज संस्थाओं, जलदाय विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और वन विभाग सहित विभिन्न इकाइयों के बीच उत्कृष्ट समन्वय स्थापित हुआ। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में एक सुव्यवस्थित और परिणाम उन्मुख कार्ययोजना तैयार की गई, जिसके अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक और ग्राम पंचायत में जल संरक्षण अवसंरचना के विस्तार पर बल दिया गया। अभियान के संचालन के दौरान नियमित मॉनिटरिंग, साइट निरीक्षण और प्रगति समीक्षा ने कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों को सुनिश्चित किया। मुख्यमंत्री के 'जल सुरक्षा-सशक्त राजस्थान' संकल्प के अनुरूप स्थानीय समुदायों को भी इस अभियान का सक्रिय भागीदार बनाया गया, जिसका सकारात्मक प्रभाव जल संरचनाओं के संरक्षण और उपयोगिता पर दीर्घकालिक रूप से देखने को मिलेगा। जयपुर की यह राष्ट्रीय उपलब्धि न केवल जिले की प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है, बल्कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल संरक्षण को राज्यव्यापी प्राथमिकता बनाए जाने की नीति की उल्लेखनीय सफलता भी दर्शाती है। यह उपलब्धि राजस्थान के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक है, जहाँ जयपुर मॉडल को भविष्य में जल सुरक्षा और भूजल प्रबंधन के क्षेत्र में एक सशक्त दृष्टांत के रूप में अपनाया जा सकेगा।

# नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई





## 90 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 16 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में स्टेट हेंगर रोड़, श्योपुर रोड़ सांगानेर, कुम्भा मार्ग, नारायणा हॉस्पिटल, इण्डिया गेट, रजतपथ मानसरोवर, मध्यम मार्ग मानसरोवर, नर्सरी पार्क, नर्सरी सर्किल, त्रिवेणी पुलिया के नीचे सीके बिडला अस्पताल के सामने, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, जौहरी बाजार, किशनपोल बाजार, घाटगेट, शांति कॉलोनी, अंबेडकर सर्किल, आदर्श नगर, मामा होटल, मेन रोड साकेत कालोनी, सामुदायिक भवन रोड, गीता भवन रोड, गीता भवन चौराहा, पिंक स्क्वायर मॉल रोड, गोविंद मार्ग, रामगंज चौपड़, न्यू गेट, भगवान दास रोड, राजधर्मा हॉस्पिटल रोड, स्टैच्यू सर्किल, बगड़िया भवन, खेतान मार्ग और सी-स्कीम तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 90 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 16 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में स्टेट हेंगर रोड़, श्योपुर रोड़ सांगानेर, कुम्भा मार्ग, नारायणा हॉस्पिटल, इण्डिया गेट, रजतपथ मानसरोवर, मध्यम मार्ग मानसरोवर, नर्सरी पार्क, नर्सरी सर्किल, त्रिवेणी पुलिया के नीचे सीके बिडला अस्पताल के सामने, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, जौहरी बाजार, किशनपोल बाजार, घाटगेट, शांति कॉलोनी, अंबेडकर सर्किल, आदर्श नगर, मामा होटल, मेन रोड साकेत कालोनी, सामुदायिक भवन रोड, गीता भवन रोड, गीता भवन चौराहा, पिंक स्क्वायर मॉल रोड, गोविंद मार्ग, रामगंज चौपड़, न्यू गेट, भगवान दास रोड, राजधर्मा हॉस्पिटल रोड, स्टैच्यू सर्किल, बगड़िया भवन, खेतान मार्ग और सी-स्कीम तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 16 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 90 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# अंता उपचुनाव का परिणाम भाजपा की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक आस्था का स्पष्ट प्रमाणः अग्रवाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया बाइट के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर करारा जवाब दिया। डॉ अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस बेतुके आरोपों और भ्रामक बयानबाजी के जरिए राजनीतिक लाभ लेना चाहती है जबकि अंता उपचुनाव का परिणाम भाजपा की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक आस्था का स्पष्ट प्रमाण है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अंता चुनाव ने सिद्ध कर दिया है कि भाजपा शासन में चुनाव पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ संपन्न होते हैं। हमारी सरकार दिल्ली और राजस्थान दोनों जगह है और छह माह से चुनाव तय थे। यदि भाजपा चाहती तो प्रशासनिक नियंत्रण के आधार पर चुनाव को प्रभावित कर सकती थी परंतु ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 81 फीसदी मतदान यह दर्शाता है कि जनता ने स्वतंत्र होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि जो लोग भाजपा पर मत चोरी के आरोप लगा रहे थे अंता का परिणाम उनके लिए झन्नाटेदार तमाचा है। अंता ही नहीं जम्मू-कश्मीर का भी उदाहरण दिया जा सकता है। श्रीनगर की अधिकांश सीटों पर भाजपा हार गई फिर भी 70 फीसदी मतदान हुआ। यह भाजपा की लोकतांत्रिक निष्ठा तथा पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया का प्रमाण है। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि अशोक गहलोत अब टाइम से बाहर हो चुके हैं। अगर हम जुमलेबाजी करते तो बिहार महाराष्ट्र हरियाणा और दिल्ली के चुनाव हम नहीं जीतते। हमारा विज़न और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद सीधे जनता के दिल तक पहुंचता है और यही हमारी जीत का आधार है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि 65 वर्षों तक कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ के जुमले देती रही लेकिन भाजपा ने पिछले 11 वर्षों में गरीब तबके के जीवन को वास्तविक रूप से बदला है। डॉ अग्रवाल ने चुनाव आयोग को हाईजैक करने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस 65 वर्षों तक चुनाव आयोग पर दबाव बनाती रही इसी कारण उसे आज भी वही एहसास होता है। जबकि सत्य यह है कि चुनाव आयोग के पास अपनी कोई फोर्स नहीं होती। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएलओ एसडीएम जिला चुनाव अधिकारी सभी राज्य सरकार द्वारा नियुक्त और नियंत्रित अधिकारी होते हैं। अगर ये अधिकारी गलत काम कर रहे हैं तो गहलोत जी बताएँ कि जिम्मेदार कौन–उनकी अपनी नियुक्तियां या केंद्रीय चुनाव आयोग? उन्होंने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची की पारदर्शी प्रक्रिया है जिसमें केंद्रीय चुनाव आयोग का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं होता। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बिहार में कांग्रेस के सिर्फ छह विधायक किसी तरह जीत पाए हैं और सुना है कि वे भी जेडीयू में जाने वाले हैं। ऐसे में गहलोत को सलाह देता हूं कि राजस्थान छोड़कर बिहार चले जाएं और अपने छह विधायकों को बचा लें।

# आतंक पर शरारत भरी बातें




चिदंबरम और उनके जैसे नेताओं को याद रखना चाहिए कि 1940 के दशक में भारत के मुसलमानों ने एक अलग देश की मांग की थी, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान का जन्म हुआ। उस समय शेष भारत की 88 प्रतिशत आबादी हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध जैसे वैदिक/भारतीय धर्मों के अनुयायियों की थी और उन्होंने तय किया कि भारत एक पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य होगा। एक अलग मुस्लिम राष्ट्र बनने के बावजूद स्वतंत्रता के समय 3.5 करोड़ मुसलमान भारत में ही रहे। आज उनकी आबादी बढ़कर करीब 20 करोड़ हो गई है। यह आज़ादी के बाद से पांच गुना वृद्धि है, जो सभी धार्मिक समूहों में सबसे अधिक है। यदि उनके साथ अत्याचार हो रहा होता तो क्या उनकी आबादी इतनी तेज़ी से बढ़ पाती? देश भर में मुस्लिम सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्थानों, जैसे फ़रीदाबाद के अल-फलाह विश्वविद्यालय की बढ़ोतरी हुई है। मदरसों और मस्जिदों का भी व्यापक

जो भारतीय स्वयं को एक पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक जीवन-शैली का समर्थक मानते हैं, उन्हें उन सभी नेताओं से सावधान रहना चाहिए, जो लाल किले के निकट हुए आतंकी हमले की स्पष्ट एवं बिना किसी हिचकिचाहट के निंदा करने से इन्कार कर रहे हैं और मुसलमानों के बीच तथाकथित 'असंतोष' को लेकर शरारत भरे तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। यदि हम अपने संविधान और लोकतंत्र को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो दोहरी जबान बोलने वाले, 'अगर' और 'लेकिन' का सहारा लेकर सतही-शरारती तर्क गढ़ने वाले सभी नेताओं को आईना दिखाया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम कहते हैं कि पहलगाम और लाल किले पर हमले करने वाले 'घरेलू' आतंकी थे। उन्हें ऐसे राजनीति प्रेरित सिद्धांत देकर भ्रम फैलाने का कोई अधिकार नहीं। लाल किला विस्फोट के बाद चिदंबरम ने एक्स पर अपना यह घातक सिद्धांत उछाला कि आतंकियों के दो प्रकार होते हैं-विदेशी प्रशिक्षित घुसपैठिए और घरेलू आतंकी। इससे भी अधिक चिंताजनक बात उन्होंने यह कही कि हमें स्वयं से पूछना चाहिए कि ऐसी कौन-सी परिस्थितियां हैं, जो भारतीय नागरिकों और यहां तक कि शिक्षित लोगों को आतंकी बना देती हैं। उनसे और उनके जैसे अन्य नेताओं से कहा जाना चाहिए कि उनकी ही राजनीति भारतीय नागरिकों को आतंकी बनने की ओर धकेलती है। उन्हीं की तुष्टीकरण की राजनीति ने देश को विभाजित किया और 1940 के दशक में पाकिस्तान के निर्माण की राह बनाई। यही राजनीति आतंक की राह पर चलने वाले मुसलमानों में पीड़ित होने की भावना को बढ़ावा देती है। यही नेता यह मिथ्या दावा भी करते हैं कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। चिदंबरम और उनके जैसे नेताओं को याद रखना चाहिए कि 1940 के दशक में भारत के मुसलमानों ने एक अलग देश की मांग की थी, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान का जन्म हुआ। उस समय शेष भारत की 88 प्रतिशत आबादी हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध जैसे वैदिक/भारतीय धर्मों के अनुयायियों की थी और उन्होंने तय किया कि भारत एक पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य होगा। एक अलग मुस्लिम राष्ट्र बनने के बावजूद स्वतंत्रता के समय 3.5 करोड़ मुसलमान भारत में ही रहे। आज उनकी आबादी बढ़कर करीब 20 करोड़ हो गई है। यह आज़ादी के बाद से पांच गुना वृद्धि है, जो सभी धार्मिक समूहों में सबसे अधिक है। यदि उनके साथ अत्याचार हो रहा होता तो क्या उनकी आबादी इतनी तेज़ी से बढ़ पाती? देश भर में मुस्लिम सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्थानों, जैसे फ़रीदाबाद के अल-फलाह विश्वविद्यालय की बढ़ोतरी हुई है। मदरसों और मस्जिदों का भी व्यापक विस्तार हुआ है। एक मज़बूत मुस्लिम मध्यवर्ग उभरकर आया है और मुस्लिम युवा अन्य नागरिकों की तरह नौकरशाही, शिक्षा, मीडिया, कारपोरेट प्रबंधन आदि सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रवेश कर रहे हैं और कला जगत एवं खेलों में भी अपना नाम रोशन कर रहे हैं। बालीवुड खानों द्वारा संचालित है- सलमान, शाहरुख़ और आमिर खान। भारत को मिसाइल और परमाणु प्रतिरोधक क्षमता देने वाले महान वैज्ञानिक मिसाइल मैन भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम का योगदान पूरे देश में श्रद्धा से याद किया जाता है। वे बाद में हमारे राष्ट्रपति भी बने। 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए हुए परमाणु परीक्षणों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वतंत्रता के बाद तीन राष्ट्रपति और एक कार्यवाहक राष्ट्रपति मुस्लिम रहे हैं। अब तक छह मुस्लिम भारत रत्न से सम्मानित हो चुके हैं इसके अलावा संविधान में निहित वे सभी मौलिक अधिकार उन्हें प्राप्त हैं, जो उन्हें अपना मजहब मानने, पालन करने और प्रचार करने (अनुच्छेद 25), अपने मजहबी स्थानों का निर्माण और संचालन करने (अनुच्छेद 26) तथा अपने शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थानों का निर्माण और संचालन करने (अनुच्छेद 29-30) की गारंटी देते हैं। भारत विश्व का सबसे विविधतापूर्ण समाज है और अनेक धार्मिक, जातीय और सामाजिक समूहों में असंतोष मौजूद है। क्या देश में दलितों से अधिक उत्पीड़ित कोई वर्ग है? और क्या यह उनके लिए आतंकी गतिविधियां अपनाने का बहाना बन सकता है? कर्नाटक में कांग्रेस एक नेता ने कहा कि एनडीए को बिहार चुनाव के पहले चरण में अपनी हालत खराब लग रही थी, इसलिए शायद उसने दूसरे चरण में वोट पाने के लिए यह विस्फोट कराया हो। यह अत्यंत शर्मनाक है कि हमारे यहां ऐसे नेता हैं जो 2900 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक रखने वाले आतंकियों के कायरतापूर्ण हमले को राजनीतिक विरोधियों पर थोपना चाहते हैं। यह मुसलमानों में असंतोष भड़काने की घोर कुचेष्टा है। समय आ गया है कि कश्मीरी नेताओं-अबदुल्ला पिता-पुत्र को भी कठघरे में खड़ा किया जाए, जिन्होंने कश्मीर घाटी में हिंदुओं के नरसंहार के दौरान शासन किया और फिर भी स्वयं को सेक्युलर और संविधानवादी बताते हैं। यह सदा याद रखना चाहिए कि अब्दुल्ला परिवार भारत के एकमात्र मुस्लिम-बहुल राज्य में हिंदू अल्पसंख्यक की रक्षा करने में बुरी तरह विफल रहा। हिंदुओं को वहां से खदेड़ दिया गया। जब पूछा गया कि डाक्टर क्यों कट्टरपंथी बन रहे हैं,

## सम्पादकीय

# सऊदी अरब में हुए हादसों में मरने वालों की नहीं हो पा रही पहचान



सऊदी अरब के मदीना में रविवार देर रात को हुई भीषण बस दुर्घटना रोंगटे खड़े कर देने वाली है। इसमें चालीस से अधिक भारतीय जायरीनों की जान चली गई। यह हादसा इतना भयानक था कि बस में सवार यात्री तेल टैंकर से हुई टक्कर के बाद लगी आग में बुरी तरह जल गए। अब उनकी पहचान करना मुश्किल है। हालांकि इस हादसे के कारणों का खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन सवाल है कि विदेश में धार्मिक यात्रा पर जाने वाले लोगों की सुरक्षा का दायित्व किसका है? हादसे का तर्क जिम्मेदारियों के कई सवालों को पीछे धकेल देता है। मगर यह सच है कि धार्मिक पर्यटन से विभिन्न देश हर वर्ष अच्छी-खासी कमाई करते हैं, तो फिर विदेशी श्रद्धालुओं की यात्रा को सुलभ एवं सुरक्षित बनाने की ओर उनका ध्यान क्यों नहीं जाता है! इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि विभिन्न स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही श्रद्धालुओं की जान पर भारी पड़ सकती है। खबरों के मुताबिक, मदीना में बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले ज्यादातर लोग तेलंगाना के निवासी थे। ये सभी नौ नवंबर को यहां से उमराह के लिए जेद्दा गए थे और उन्हें 23 नवंबर को वापस आना था। इस हादसे के बाद रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा में वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने सक्रियता दिखाई, लेकिन यही सक्रियता अगर इन भारतीय जायरीनों के सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर पहले दिखाई होती तो शायद इस हादसे से बचा जा सकता था। दुर्घटना के बाद सबसे बड़ी चुनौती मृतकों की पहचान को लेकर खड़ी हो गई है। परिजनों को यह मालूम ही नहीं हो पा रहा है कि उनके परिवार के सदस्य जिंदा हैं या नहीं। कहा जा रहा है कि कई परिवारों के चार से सात सदस्य इस बस में सवार थे। राज्य सरकार अब मृतकों के परिवारों से एक-एक व्यक्ति को सऊदी अरब भेजने की तैयारी कर रही है, ताकि शवों की पहचान कर उन्हें भारत वापस लाया जा सके। गौरतलब है कि हर साल दुनिया भर से मुसलिम समुदाय के लाखों लोग हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना जाते हैं। सऊदी अरब की सरकार हर देश को उसकी मुसलिम आबादी के हिसाब से एक निर्धारित हज कोटा देती है। इसी कोटे के जरिए तय होता है कि किस देश से कितने लोग इस पाक यात्रा पर जा सकते हैं। एक रपट के मुताबिक, भारत से हर वर्ष 1.75 लाख से ज्यादा लोग हज पर जाते हैं। इसी तरह उमराह के लिए भी हर वर्ष यहां से हजारों लोग मक्का-मदीना जाते हैं। हज यात्रा वर्ष में एक बार होती है, जबकि उमराह कभी भी किया जा सकता है। मगर इन जायरीनों के लिए सुरक्षा इंतजामों का अभाव साफ नजर आता है। न तो उनकी यात्रा के लिए कोई विशेष सड़क मार्ग चिह्नित किया जाता है और न ही रास्ते में उनके ठहरने की माकूल व्यवस्था होती है। कायदे से यह भारतीय अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने देश के नागरिकों की धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सउदी अरब के संबंधित प्राधिकारियों से नियमित संपर्क में रहें।

# वामपंथी सोच के शिकंजे में कांग्रेस



बिहार की 243 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस 61 सीटों पर चुनाव लड़ी और सिर्फ छह सीटें हासिल कर सकी, फिर भी राहुल की वैचारिकी और रणनीति पर पार्टी में सवाल नहीं उठ रहा है। राहुल बिहार में इसलिए नाकाम हुए, क्योंकि वह अपना संदेश लोगों तक नहीं पहुंचा सके। राजनीति में प्रतीकों के जरिए लोक संदेश की स्थापित परंपरा है। शीर्ष नेताओं का आम लोगों से रस्मी मिलना-जुलना उनकी सदाशयता और सादगी के प्रतीक के रूप में स्थापित हो गया है। किसी हस्ती का सामान्य दिखना और आम लोगों जैसे काम करना वोटरों के समर्थन की गारंटी माना जाता रहा है। यही वजह है कि राहुल गांधी जब भी ऐसा करते हैं, उनसे उम्मीदें बढ़ जाती हैं। यह बात और है कि राजनीति में कामयाबी पाने का यह टोटका कांग्रेस के लिए मुफीद नहीं रहा है। बिहार में राहुल गांधी ने आम आदमी बनने की कई कोशिशें कीं। 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मोजे पहने ही मखाने के पानी भरे खेत में वे उतरे और बाद में चुनाव प्रचार के दौरान मुकेश सहनी के साथ मछली पकड़ने के लिए तालाब में उतर गए। राहुल जब ऐसा करते हैं तो बौद्धिकों का एक तबका इसे अभूतपूर्व कदम साबित करने लगता है। हरियाणा चुनाव के दौरान सोनीपत में जब राहुल गांधी ने धान-रोपाई की और ट्रैक्टर चलाया, तब भी ऐसी ही उम्मीदों के पंख लग गए थे। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दोनों चरणों में भी ऐसे कई सारे नजारे दिखे। तब एक वर्ग की नजर में राहुल गांधी की ऐसी कोशिशों से राजनीति बदलने लगी थी, लेकिन तेलंगाना छोड़, उनके ऐसे कदमों का कोई चुनावी फायदा नहीं मिला। सवाल है कि राहुल गांधी के इन लोक लुभावन कदमों के बावजूद लोग कांग्रेस के साथ क्यों नहीं खड़ा हो रहे? स्वाधीनता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी रही कांग्रेस अखिल भारतीय संगठन है। वह इस पर गर्व कर सकती है, लेकिन संगठन को गतिशील बनाने वाले सही मुद्दों और लोकमर्म को छूने वाले विचारों से वह लगातार दूर हो रही है। राहुल गांधी उन्हीं मुद्दों को ज्यादा उछालते हैं, जिन्हें उनके वामपंथी सलाहकार सुझाते हैं। बौद्धिक और अकादमिक जगत इससे चाहे जितना भी आकर्षित हो, जमीनी स्तर पर वे मुद्दे अस्वीकार्य हो चुके हैं। निजीकरण की कुछ खामियां हैं, लेकिन भूलना नहीं होगा कि निजीकरण ने चमक-दमक भी बढ़ाई है। भले ही एक वर्ग तक निजीकरण की रोशनी नहीं पहुंच सकी है, लेकिन उस वर्ग का भी सपना चमक को हासिल करना है। वामपंथी वैचारिकी इसे नहीं समझती। वह जाहिर करती रही है कि अतीत की तरह अब भी समूचा देश अंधेरे में डूबा है। इन्हीं वामपंथी सलाहकारों के कारण कांग्रेस के अंदरूनी हालात ऐसे बन गए हैं कि कुछ वरिष्ठ नेता पार्टी को उबारने को लेकर राय देने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्हें डर ये है कि कड़वी दवा सुझाना उनके लिए हानिकारक हो सकता है। लिहाजा वे राय देने से बच रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान के तमाम सलाहकारों का सामाजिक सोच जमीनी हकीकत के बजाय वामपंथी दर्शन से ज्यादा प्रभावित है। इसके अनुसार ऊंच-नीच और जात-पांत का विचार समूचे देश में एक जैसा है, लेकिन यह अधूरा सच है। जातिवाद देश की एक कड़वी सच्चाई है, लेकिन आज जाति और मजहब के संदर्भ में समूचे देश को एक फार्मूले से समझना संभव नहीं। राहुल गांधी के सलाहकारों की टीम उन्हें इसी फार्मूले पर बार-बार आगे बढ़ने का सुझाव देती है और वह एक ही गलती दोहराते जा रहे हैं। समूचा देश न तो एक तरह से सोचता है, न ही उसका एक-सा व्यवहार है। शीर्ष नेतृत्व की सलाहकार मंडली अलग-अलग हिस्सों की माटी के रंग, व्यवहार और विचार से बहुत दूर है। राहुल गांधी को इंदिरा गांधी से सीखना चाहिए। भारतीय समाज को लेकर इंदिरा की समझ गहरी थी। यही वजह है कि वक्त और इलाके की परंपरा के मुताबिक किसी इलाके में ठेठ बहू बन जाती थीं तो किसी इलाके में आधुनिक महिला। कुछ इलाकों में वे अपने सिर पल्लू रखती थीं तो कुछ इलाकों में नहीं। आज इंदिरा रहतीं और वैसा करतीं तो शायद कांग्रेस के मौजूदा सिपहसालारों की नजर में वे दकियानूस मान ली जातीं। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान कांग्रेस की छतरी तले कई विचारधाराएं काम कर रही थीं। इंदिरा काल के किंचित वामपंथीकरण को छोड़ दें तो पार्टी का नजरिया ज्यादातर मध्यमार्गी और समाजवादी ही रहा। इंदिरा काल में वामपंथी प्रभाव इतना नहीं रहा कि कांग्रेस अपनी बुनियादी विचारधारा को ही बदल दे, लेकिन आज पार्टी पर वामपंथ का खूब असर है। इसलिए उसके मुद्दे भी उससे प्रभावित हैं।

# शेख हसीना को सजा

**शेख हसीना को सजा सुनाने वाले ट्रिब्यूनल के फैसले पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं, क्योंकि उसने छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के समय पुलिस प्रमुख रहे चौधरी अब्दुल्ला को केवल पांच वर्ष की सजा सुनाई। इससे इन्कार नहीं कि शेख हसीना सरकार के समय जो आरक्षण विरोधी आंदोलन भड़का, उसमें अनेक लोग मारे गए थे, लेकिन तथ्य यह भी है कि यह आंदोलन भी हिंसक था और उसका उद्देश्य तख्ता पलट था। इस आंदोलन के निशाने पर अवामी लीग के समर्थकों के साथ पुलिस कर्मी भी थे।**



बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल की ओर से भारत में शरण लिए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाने से ऐसी प्रतीति होना स्वाभाविक है कि किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था ने यह फैसला सुनाया है, लेकिन यह तो अंतरराष्ट्रीय नाम वाला बांग्लादेश का अपना न्यायाधिकरण है, जिसके जज से लेकर वकील तक मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की ओर से तय किए गए। इस ट्रिब्यूनल की वैधानिकता और विश्वसनीयता उतनी ही संदिग्ध है, जितनी अंतरिम सरकार की। शेख हसीना को सजा सुनाने वाले ट्रिब्यूनल के फैसले पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं, क्योंकि उसने छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के समय पुलिस प्रमुख रहे चौधरी अब्दुल्ला को केवल पांच वर्ष की सजा सुनाई। इससे इन्कार नहीं कि शेख हसीना सरकार के समय जो आरक्षण विरोधी आंदोलन भड़का, उसमें अनेक लोग मारे गए थे, लेकिन तथ्य यह भी है कि यह आंदोलन भी हिंसक था और उसका उद्देश्य तख्ता पलट था। इस आंदोलन के निशाने पर अवामी लीग के समर्थकों के साथ पुलिस कर्मी भी थे। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि इस आंदोलन के दौरान जिन पर हिंसा भड़काने के आरोप लगे, उनमें से कई अंतरिम सरकार में शामिल हो गए। निःसंदेह सत्ता में रहते समय शेख हसीना ने पुलिस को हिंसक छात्र आंदोलन से निपटने के आदेश दिए होंगे, लेकिन इस निष्कर्ष पर पहुंचना विचित्र है कि उनके कहने पर छात्रों की हत्या की गई। तथाकथित इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल की ओर से शेख हसीना के खिलाफ ऐसे ही किसी कठोर फैसले की भरी-पूरी आशंका थी, क्योंकि वहां की अंतरिम सरकार को वे फूटी आंख नहीं सुहा रही थीं। इसका पता इससे चलता है कि उनकी पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर उसे चुनाव में भाग लेने से पहले ही रोका जा चुका है। इसके अलावा हिंसक आंदोलन की भेंट चढ़े लोगों की मौतों का संज्ञान नहीं लिया गया। शेख हसीना को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद यह और स्पष्ट है कि बांग्लादेश में होने जा रहे चुनावों के समय उनके समर्थकों का दमन होगा। इन चुनावों में कट्टरपंथी संगठनों को जिस तरह भाग लेने की अनुमित दे दी गई है, उससे बांग्लादेश का भविष्य और अधिक संकट में दिख रहा है। चुनाव बाद कट्टरपंथी तत्व वहां की सत्ता में काबिज हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो भारत की समस्या और बढ़ जाएगी।

# सीएचसी मनिया पर नसबंदी कैंप का आयोजन हुआ है

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** दिनांक 18 नवंबर 2025 सीएचसी मनिया पर नसबंदी कैंप का आयोजन हुआ है । चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर आर के यादव ने बताया कि आज लगे शिविर में 35 महिलाओं को नसबंदी की गयी है ।जिसमें जिला अस्पताल धौलपुर की टीम के द्वारा यह कैंप करवाया जाता है,एवं हर माह की 7 या एवं 28 तारीख को यह कैंप सीएचसी मनिया पर आयोजित किया जाता है ।अतः जो भी नसबंदी की इच्छुक महिलाएं एवं पुरुष हैं वह उक्त दिवस पर नसबंदी करवाने मनिया आ सकते हैं । एवं परिवार नियोजन में सहायता मिल सके।


# आज बसेड़ी में छात्रों के द्वारा चतुर्थ श्रेणी भर्ती में शेष बचे 20000 पदों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले के बसेड़ी मैं विद्यार्थियों के द्वारा चतुर्थ श्रेणी में 20000 पदों की बढ़त के लिए बसेड़ी एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया विद्यार्थियों को कहना है 53000 वैकेंसियों को बढ़ाकर के 73000 किया जाए जिससे बेरोजगार युवाओं को चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा में नौकरी मिल सके जिससे युवा बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# बसेड़ी -बसेडी कस्बे में जाम के हालात



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले के विधान सभा क्षेत्र बसेड़ी में स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण के चलते जाम के हालात बने हुए हैं बाजारों के हालात यह है की पैदल चलने के लिए आमजन परेशान हैं बसेड़ी मुख्य बाजार बयाना मोड पीएनबी बैंक और बाजार के मुख्य चौराहे पर आक्रमण के चलते जम के हालात बने हुए हैं स्थानीय लोगों की नगर पालिका से आतिक्रमण हटाने की मांग है जिससे जाम के हालात पैदा ना हो।

# बसेड़ी थाना एसएचओ बने बाल कृष्ण ने कहा क्षेत्र में अपराधों की दर कम होगी-

## बाल कृष्ण का वादा,अपराधियों पर होगा सख्त अंकुश अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** के बसेड़ी से है,जहां बसेड़ी पुलिस थानाधिकारी श्री बाल कृष्ण ने हाल ही में पुलिस लाइन धौलपुर से ट्रांसफर होकर बसेड़ी थाना एसएचओ का पद संभाला है,उन्होंने पुलिस विभाग में अपने अनुभव और दी गई जिम्मेदारी पर विशेष चर्चा की,बाल कृष्ण ने कहा कि अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास बनाना राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य है उन्होंने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू की है और अपराधियों की पकड़ के लिए वाहनों की चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# लॉयन सदस्यों की श्री नाथद्वारा में दर्शन के साथ फैलोशिप मुलाक़ात

## मंत्री ने संस्कार सप्ताह मनाने का किया निवेदन

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निस.)** श्री नाथद्वारा में पीँमसीसी अरविन्द शर्मा द्वारा आयोजित लॉयन्स फैलोशिप कार्यक्रम में 49 लोगों की उपस्थिति रही । भगवान श्रीनाथ जी के दर्शन के बाद अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन में भ्रातृत्व बढ़ाने, सेवा के साथ साथ संस्कार के कार्य करने पर चर्चा हुई । संस्कार निर्माण के मल्टीपल 3233 के चेयरमैन श्याम सुन्दर मंत्री ने प्रान्त में लगातार चौथे वर्ष भी 20 से 26 नवम्बर को संस्कार सप्ताह मनाने का अनुरोध किया जिसकी सभी ने सराहना की और क्लबों के माध्यम से सप्ताह मनाने की स्वीकृति दी । पीआईडी वी के लाडीया, वीडीजी निशांत जैन पीएमसीसी अरविंद शर्मा, पीडीजी आर एल कुणावत, आलोक व्यास, बी वी माहेश्वरी, सुधीर सोगानी, दिलीप तोषनीवाल सहित अनेक सदस्यों ने संस्कार निर्माण, भारतीय रजनी गुप्ता, अर्पणा ओसवाल, बसन्ती वर्मा एवं कविता मिंडा ने आश्वासन दिया कि प्रान्त में मातृ शक्ति से सम्पर्क कर सभी क्लबों से संस्कार निर्माण कराने के प्रयास करेंगे ।

# विद्यार्थी समाज एंव देश की अमूल्य धरोहर हैं, इनकी जरूरतों का ध्यान रखना आवश्यक: महेश शर्मा

## भामाशाह बन शिक्षक नेता राजेश शर्मा ने छात्र छात्राओं को बांटे ऊनी वस्त्र

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूबरा के जरूरत मंद विद्यार्थियों व कुक कम हैल्पर्स को शिक्षक नेता राजेश शर्मा ने भामाशाह बन गर्म वस्त्र प्रदान किए गए । समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी महेश शर्मा मौजूद रहे जबकि समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवदत्त शर्मा द्वारा की गई । समारोह की शुरुआत में स्कूल स्टाफ रमाकांत त्यागी ,आशीष शर्मा ,शिक्षक नेता राजेशशर्मा,रामनरेश,साधना गहलोत,कृष्णा पारीक,सुमन मीणा, अमिता, दुर्गेश राजपूत ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं साफा बांधकर स्वागत किया ।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी समाज एंव देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनकी जरूरतों का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है ।उन्होंने शिक्षक नेता राजेश शर्मा की ओर से स्कूल के विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर प्रदान करने की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताते हुए कहा कि जरूरत मंद की मदद करना बेहद पुनीत कार्य होता है ।उन्होंने अभिभावकों से छात्रों के समान ही छात्राओं को भी शिक्षा के समान अवसर मुहैया कराते हुए लैंगिक असमानता दूर करने का आव्हान किया। समारोह के दौरान अतिथियों ने शिक्षक नेता राजेश शर्मा की ओर से उपलब्ध कराए गए कक्षा 1 से 5 तक के 62 छात्र-छात्राओं को ऊनी स्वेटर व कुक कम हेल्पर्स को साल प्रदान की गई। सर्दी के मौसम में ऊनी वस्त्र पाकर नन्हें नन्हें बच्चों के चेहरे खुशी से खिल-खिला उठे कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जैसे ही बच्चों को जर्सी दी । नन्हें नन्हें बच्चों के चेहरे खुशी से खिल-खिला उठे और झूमने लगे ।इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रारम्भिक शिक्षा छात्र जीवन का आधार स्तम्भ होती है।ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चे ही उच्च पदों पर पहुंचते है । आवश्यकता इस बात की है कि उनकी प्रतिभा को उजागर कर समय पर संसाधन मुहैया कराये जायें । एसीबीईओ शिवदत्त शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में इस तरह के आयोजन बेहद सकारात्मक एवं प्रेरणादाई पहल है।उन्होंने कहा कि समाज के सामर्थ्यवान लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद की पहल करनी चाहिये।शिक्षक नेता एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि छात्र-छात्रा समाज एवं देश की अमूल्य पूंजी होते हैं ।इनकी जरूरत का ख्याल रखकर समय-समय पर मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है । उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है विद्यालय में अधिकतर ग़रीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं।जिनके पास सर्दी से बचाव के लिए गर्म वस्त्र नहीं थे। इसलिए जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रख जर्सी प्रदान की गई ।

# बालिका विद्यालय धौलपुर में हुआ मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस.)** भारतीय मानक ब्यूरो, नोएडा ब्रांच, नई दिल्ली के निर्देशन में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक धौलपुर में स्टैंडर्ड क्लब 4378 द्वारा विद्यार्थियों हेतु मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा ने मां वीणावादिनी पर दीप जला कर किया। उन्होंने बताया कि बच्चे एक सशक्त, जीवंत और गतिशील भारत के निर्माता होते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो स्टैंडर्ड क्लब जैसी दूरदर्शी पहल से भारत के भविष्य को रोशन कर रहा है। विद्यालय का स्टैंडर्ड क्लब 4378 मानकों के साथ उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि क्लब के मेंटर अनुपम पाराशर को भारतीय मानक ब्यूरो के लिए उत्कृष्ट कार्य हेतु स्वाधीनता दिवस पर जिला कलक्टर, धौलपुर द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।क्लब के मेंटर अनुपम पाराशर ने बताया कि क्लब द्वारा आयोजित सत्र की प्रथम मानक लेखन प्रतियोगिता में कुल 59 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने प्रिंटिंग पेपर, फाउंटेन पेन, हेलमेट, सर्जिकल थर्मामीटर, एल पी जी ट्यूब एवं मिनरल वॉटर जैसे उत्पादों के लिए बी आई एस के स्टैंडर्ड को लिखा। विद्यालय के उप प्राचार्य भगवान सिंह मीणा ने कहा कि स्टैंडर्ड क्लब की भांति हमें जीवन में भी स्टैंडर्ड बनाए रखना चाहिए। क्लब से जुड़कर विद्यार्थी अपने परिवार, समाज और देश को एक नई दिशा दे सकते हैं। स्टूडेंट लीडर कक्षा 12 की छात्रा तनुश्री सैनी ने क्लब के साथ अपने अनुभवों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। निर्णायक दल के सदस्य वीर सिंह टांक एवं सतीश कुमार मीणा ने बी आई एस के मानदंडों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जिसमें ?,1000 का प्रथम पुरस्कार छात्रा चाहत चौधरी, ?750 का द्वितीय पुरस्कार कीर्ति चौहान, ?500 का तृतीय पुरस्कार सूक्ष्मा शर्मा एवं ?250 का सांत्वना पुरस्कार साक्षी रावत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पारितोषिक, प्रमाण पत्र एवं अल्पाहार दिया गया। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थी काफी खुश नजर आ रहे थे। इस अवसर पर मिथलेश धाकरे, शालिनी श्रीवास्तव, प्रियंका जिंदल, मनोज कुमार झा, शैलेंद्र दीक्षित, विजेंद्र किरार, प्रवीण कुमार, अनिल मीणा, नृपेंद्र सिंह एवं मोहित बघेल आदि कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मेंटर अनुपम पाराशर ने किया।

# युवाओं को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस.)** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की दिशा निर्देशन में जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा मनाई जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत शरद महोत्सव में युवाओं के मध्य यातायात नियमों को लेकर समारोह का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि हमारा प्रयास सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। राजस्थान सरकार के आदेशों की पालना करते हुए हमारे द्वारा 15 दिवसीय विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया था। हमारे द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया वाहन चालकों तथा राजगीरों के मध्य पंम्लेट का वितरण का कार्य किया गया। यातायात नियमों संबंधित जिला मुख्यालय पर होर्डिंग लगवाई गई पूरे जिले में महाविद्यालय स्तर पर समझाइश अभियान चलाया गया। वाहन चालकों की आंखों का परीक्षण कराया गया। सरकारी इमारतों पर यातायात नियमों संबंधित पोस्टर लगवाएं गए हैं। सड़क सुरक्षा जागरूकता मुहिम विभाग की ओर से निरंतर जारी रहेगी। समारोह में डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र सिंह ने युवाओं से कहा कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक युवा की वर्ग अकाल मृत्यु होती है। दरअसल वह जोश में होश खो बैठे हैं। इसलिए वाहन चलते समय स्वस्थचित् के साथ वाहन चलाएं, कभी भी मोबाइल पर बातें ना करें और यातायात संकेतों का पालन करें। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय उदैनीय ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा बीते 15 दिवस से निरंतर विभिन्न प्रकार आयोजनों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति सचेत करने का कार्य किया जा रहा है। हमारा यह नैतिक दायित्व है कि हम उन्हें सहयोग प्रदान करें और यातायात नियमों का पालन करें और अपने जीवन को सुखमय बनाएं। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु में एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार संकट के दौर से गुजरता है इसलिए वहां चलते समय सदैव इस बात का ध्यान रखें कि आपके पीछे आपका पूरा परिवार आपका घर पर इंतजार कर रहा है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

## मां वाउचर योजना के तहत महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए वाउचर वितरित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** जिले में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका उपचार किया गया तथा पोषण युक्त आहार की जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 एवं 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर योजना के अंतर्गत सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की रक्तचाप, शुगर लेवल, हीमोग्लोबिन, वजन, लंबाई, रक्त जांच, एचआईवी टेस्ट, हृदय स्पंदन सहित अन्य जांचें की गईं। उन्हें आईएफए, कैल्शियम व अन्य आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। साथ ही गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में स्वयं की देखभाल, प्रसव पूर्व सावधानियों एवं गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। चिकित्सा कर्मियों ने महिलाओं को पौष्टिक आहार के महत्व से अवगत कराते हुए संतुलित व पोषणयुक्त भोजन लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शेखावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान आने वाले जोखिमों को समय रहते कम किया जा सके। इसके माध्यम से जच्चा-बच्चा दोनों के सुरक्षित स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# कुचामन पुलिस द्वारा व्यापारी रमेश रूलानियां की हत्या के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई

## रोहित गोदारा व विरेन्द्र चारण गैंग का मुख्य गुर्गा जितेन्द्र सिंह उर्फ जितु चारण व सक्रिय सदस्य रविन्द्र सिंह को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निस.)** ऋचा तोमर, पुलिस अधीक्षक, जिला डीडवाना- कुचामन के प्रभावी निर्देशन तथा नेमीचन्द खारिया अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक, कुचामन शहर, मुकेश चौधरी वृत्ताधिकारी, कुचामन शहर के निकटतम सुपरविजन में सतपाल सिंह, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी पुलिस थाना कुचामन शहर द्वारा कस्बा कुचामन में व्यवसायी रमेश रूलानिया की हत्या के प्रकरण में शामिल मुख्य आरोपी जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतु चारण व उसका सहयोगी रविन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे प्रकरण में अनुसंधान जारी है। दिनांक 07.10.2025 को प्रार्थी चेनाराम ने रिपोर्ट पेश की कि मेरे जीजा रमेश रूलानिया आज दिनांक 07.10.2025 को हमेशा की तरह सुबह समय 5.20 एएम पर घर से जिम के लिये गये थे। जो जिम कर रहे थे तो जिम के अन्दर एक लड़का आया,जिसने रमेश जी पर फायर कर भाग गया। उस समय जिम में मोजूद लोग मेरे जीजाजी को होस्पीटल लेकर गये जहां पर ईलाज केदौरान अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारने से आई चोटों के कारण मृत्यू हो गई। मेरे जीजाजी को पहले भी जान से मारने की धमकी मिली थी। जिला डीडवाना-कुचामन (राज.) कार्रवाई-घटना के बाद प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुऐ घटना के षड़यन्त्र में शामिल मुलजिमान 1. सफीक खान, 2. किशान लाल गुर्जर, 3. खुशीराम, 4. दिनेश, 5. रामकेश, 6. रामसिंह, 7. पवन चारण को दिनांक 10,102025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। मुख्य मुलजिम ईनामी अपराधी गणपत गुर्जर, महेश गुर्जर, धर्मेन्द्र उपर्फ देवा व जुबेर अहमद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। तत्पश्चात दिनांक 15.11.2025 आरोपी सुरेन्द्र पालावत व राहुल माण्डिया को बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। उसके बाद गैंग के सक्रिय सदस्य मोहम्मद अफताब को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। रोहित गोदारा व विरेन्द्र चारण गैंग का मुख्य जितेन्द्र सिंह उर्फ जितु चारण को दिनांक 17.11.2025 को दिल्ली पुलिस द्वारा नांवा कोर्ट में पेश किया जहां से अनुसंधान हेतु प्राप्त किया गया। आज दिनांक 18.11.2025 को एसीजेएम कोर्ट में पेश कर दिनांक 23.11.2025 तक रिमाण्ड प्रप्त किया गया। दिनांक 18.11.2025 को जितेन्द्र के सहयोगी रविन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिनांक 23.11.2025 तक रिमाण्ड प्राप्त किया गया। प्रकरण में में दोनों गिरफ्तार आपरोपियों से गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

# मतदान केन्द्रों पर एसआईआर जागरूकता शिविर का किया जाएगा आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,(निस.)** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार 79-विधानसभा क्षेत्र धौलपुर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 4 नवम्बर से प्रारंभ किया जा चुका है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए विधानसभा धौलपुर में मतदान केन्द्रों पर एसआईआर जागरूकता एवं सहायता शिविर 19 नवम्बर को आयोजन किया जाएगा। जिसमें सम्बन्धित भाग के बीएलओ, सुपरवाईजर, बीएलओ सहायतार्थ लगाए गए समस्त कार्मिक, हेल्प डेस्क, सम्बन्धित क्षेत्र का पीईईओ, पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी अधिकारी एसआईआर नगर परिषद धौलपुर के कार्मिक उपस्थित रहेगें। उन्होंनें बताया कि भाग संख्या 190 का अस्थाई पटवार प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर बायां भाग में सोलेह खम्बा, पुराना औद्योगिक क्षेत्र, स्टेशन के सामने, लोको क्वार्टर एवं डिफेन्स कॉलोनी, भाग संख्या 191 का अस्थाई पटवार प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर दायां भाग में भामतीपुरा आंशिक, भाग संख्या 192 का अस्थाई पटवार प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर मध्य भाग में रेल्वे फाटक के पास, भामतीपुरा नाई बस्ती, वेयर हाऊस, रेल्वे क्वार्टस, भामतीपुरा नाई बस्ती, चर्च रोड़ भामतीपुरा, भामतीपुरा बढ़ई पोडा, पुराना बिजलीघर रोड़, कैला कॉलोनी, हरिजन बस्ती, भाग संख्या 193 का महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाड़ा हैदरशाह धौलपुर बायां भाग में कचहरी रोड़, गोरे पान वाली गली, जगन कॉलोनी, हिन्दलॉज हरदेवनगर, डॉ. सुभाष जैन वाली गली, पंजाब नेशनल बैंक वाली गली, नयापुरा चर्च के सामने, हॉस्पीटल कॉलोनी, नयापुरा जेलरोड़, नयापुरा चर्च के सामने भामतीपुरा रोड़, भाग संख्या 194 का महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाड़ा हैदरशाह धौलपुर दायां भाग में भामतीपुरा आंशिक, मोदीबाग के पास, जवाहर कॉलोनी वाला क्षेत्र, भाग संख्या 195 का राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राधा बिहारी बाड़ा हैदरशाह परिसर धौलपुर के कमरा नम्बर 1 जनता क्लीनिक में कचहरी गली, गजरा सराय रोड़, सराय के अन्दर, सराय गजरा रोड़, मौहल्ला गड्ढा भीम वाला क्षेत्र, भाग संख्या 196 का राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राधा बिहारी बाड़ा हैदरशाह परिसर धौलपुर कमरा नम्बर 2 जनता क्लीनिक में किलेदार का बाड़ा, उदयभान गंज, दशहरा रोड़, बाड़ा हैदरशाह, निहालगंज एवं चिमनाजी का बाड़ा, भाग संख्या 197 का नगर परिषद धौलपुर बायां भाग में हाथीवन मौहल्ला, बन्ने गली, तलैया तथा भाग संख्या 198 का नगर परिषद धौलपुर दायां भाग में मौहल्ला कोलियान, भोले के मन्दिर वाली गली, जगन के सामने, दशहरा रोड़, मोदीजी का तिराहा तलैया रोड़, हरिजन बस्ती के पास, विवेकानन्द स्कूल के पीछे, काछियों की मढ़ई, डॉ. के.के. अग्रवाल के बराबर वाली गली, गुरूद्वारा रोड़ के सामने, हाईवे रोड़ आदर्श सक्सैना वाली गली में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं कार्य नहीं करने पर राजसेवक के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



# फरहान अख्तर ने बताया फिल्म 120 बहादुर ने कैसे बदला उनका नजरिया

**फिल्म 'लक्ष्य' को फरहान अख्तर ने निर्देशित किया था, इस फिल्म ने सेना की अहमियत और देशभक्ति के मायने लोगों को समझाए थे। अब फरहान अख्तर बतौर एक्टर फिल्म '120 बहादुर' में काम कर रहे हैं। जल्द यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी फिल्म से जुड़े एक इंटरव्यू में फरहान अख्तर ने असल देशभक्ति के मायने बताए।**

## फरहान की नजर में क्या है देशभक्ति

जस्ट टू फिल्मी को दिए गए इंटरव्यू में फरहान अख्तर कहते हैं, 'देशभक्ति बहुत खूबसूरत अहसास है, लेकिन अंधराष्ट्रवाद बहुत बुरी चीज है। मेरा मानना है कि जब हमारे सैनिक पूरी ईमानदारी से अपना काम करते हैं, तो उनको कुछ कहने की जरूरत नहीं होती है। उनके काम, फैसले ही देशभक्ति को, देश के लिए वफादारी को दिखाते हैं। हमारी फिल्म भी ऐसी ही सच्चाई को बयां करती है।'

## '120 बहादुर' से क्या सीखा?

फरहान अख्तर इंटरव्यू में आगे कहते हैं, 'जब मैं फिल्म की तैयारियों के लिए मेजर शैतान सिंह के बेटे से मिला तो उन्होंने बताया कि वह हमेशा मुस्कुराते रहते थे। यहां तक कि मुश्किल वक्त में भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती थी। इससे उनकी नेचर और लीडरशिप क्वालिटी के बारे में पता चला।' फरहान ने आगे कहा, 'हमारी फिल्म की कहानी बहुत कुछ सिखाती है। '120 बहादुर' बताती है कि कोई भी लड़ाई अकेले नहीं जीती जाती है। सही लीडरशिप और साथ मिलकर दिखाए गए साहस से ऐसा मुमकिन होता है।'

## क्या है फिल्म की कहानी?

फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट के लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया था। अंतिम सांस तक अपनी चौकी की रक्षा की। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में ही नजर आएंगे। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होने वाली है।



# मां बनने के बाद बदलीं हैं कई चीजें

**अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम की मांग करने के बाद इंडस्ट्री में एक बहस लगातार छिड़ी है। हालांकि, इसके बाद दीपिका के हाथ से 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल जैसी बड़ी फिल्में भी चली गईं। लेकिन दीपिका अपनी अपनी मांग पर कायम हैं और उन्हें इंडस्ट्री के भी कई लोगों का समर्थन मिला है। दीपिका ने ये फैसला अपनी बेटी दुआ के होने के बाद लिया है।**

## जरूरत से ज्यादा काम करने को हमने सामान्य बना दिया

दीपिका का कहना है कि नई मांओं को काम पर लौटने के लिए सहयोग की जरूरत होती है। इसी वजह से उन्होंने ऐसा फैसला लिया है। हार्पर बाजार इंडिया के साथ बातचीत में अपने रुख को स्पष्ट करते हुए दीपिका ने कहा कि हमने जरूरत से ज्यादा काम करना सामान्य मान लिया है। हम थकान को प्रतिबद्धता समझने की भूल करते हैं। इंसान के शरीर और दिमाग के लिए दिन में आठ घंटे काम करना काफी है। मैं इसी पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं। सिर्फ स्वस्थ रहने पर ही आप अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं। एक थके हुए व्यक्ति को वापस काम पर लाने से किसी को कोई फायदा नहीं होता। मेरे अपने ऑफिस में हम सोमवार से शुक्रवार तक दिन में आठ घंटे काम करते हैं। हमारे यहां मैटरनिटी और पेटरनिटी को लेकर नीतियां हैं। हमें बच्चों को काम पर लाना सामान्य बनाना चाहिए।

मां बनने के बाद बदलीं प्राथमिकताएं बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि कैसे मां बनने के बाद उनकी प्राथमिकता बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि आज मेरे लिए सफलता शारीरिक और इमोशनल रूप से फिट रहना है। समय हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। मैं इसे कैसे खर्च करती हूं, किसके साथ खर्च करती हूं। यह तय करने की आजादी होना ही मेरे लिए सबसे बड़ी सफलता है।

## 'किंग' में शाहरुख के साथ नजर आएंगी दीपिका

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में वो शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास एटली और अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म भी है। यह एक बड़े बजट की फिल्म है। फिल्म को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।



# राजकुमार राव और पत्रलेखा के घर आई नन्हीं परी

अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा के घर नन्हीं परी का आगमन हुआ है। पत्रलेखा ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। राजकुमार राव ने सुबह-सुबह ही ये गुड न्यूज अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। फैंस कपल को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं। राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्टर में एक बेबी यूनिकॉर्न बना है और उस पर लिखा है, आज हम खुद को चांद से भी परे महसूस कर रहे हैं, क्योंकि आशीर्वाद के रूप में हमारे घर बेबी गर्ल आई है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, भगवान ने हमें हमारी चौथी शादी की सालगिरह पर सबसे बड़ा आशीर्वाद दिया है। बता दें कि 15 नवंबर 2021 को राजकुमार राव और पत्रलेखा ने एक निजी समारोह में चंडीगढ़ में शादी की थी। शादी में परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। राजकुमार राव और पत्रलेखा 11 साल के लंबे रिश्ते के बाद शादी के बंधन में बंधे थे। सोशल मीडिया पर दोनों की शादी की फोटोज ने फैंस को खुश कर दिया था। अब चार साल बाद शादी की सालगिरह पर ही उनके घर बड़ी खुशी आई है।

खबर सामने आने पर बॉलीवुड स्टार्स ने भी कपल को बधाई देना शुरू कर दिया है। वरुण धवन ने पोस्ट कर कमेंट कर लिखा, आपका गर्ल क्लब में स्वागत है दोस्तों। वरुण भी बेबी गर्ल के पिता हैं। एक्टर अली फजल ने भी कमेंट कर लिखा, ओह गॉड, ये सुनकर बहुत खुशी हुई। आप दोनों खूबसूरत लोगों को बधाई। बाकी यूजर्स भी हार्ट इमोजी पोस्ट कर अपना प्यार लुटा रहे हैं। अली फजल और ऋचा चड्ढा भी बेबी गर्ल के माता-पिता हैं। इससे पहले 9 जुलाई को कपल ने सोशल मीडिया पर पहली बार प्रेग्नेंसी की खबर की जानकारी दी थी। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा था, बेबी ऑन द वे। तभी से फैंस इस खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे और फाइनली कपल के घर नन्हीं परी ने जन्म लिया है।

# पैपराजी की इस हरकत पर नाराज हुए अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल रही हैं। वह अपनी एक्टिंग को लेकर भी ट्रोल हो चुके हैं। हाल ही में सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें दोबारा ट्रोल किया। दरअसल, एक वायरल वीडियो में अर्जुन पैपराजी पर नाराज होते दिखे। क्या है पूरा मामला?

## अर्जुन कपूर पैपराजी पर हुए गुस्सा

पैपराजी ने अर्जुन कपूर को मुंबई में एक इवेंट में स्पॉट किया। एक्टर से फोटो क्लिक करवाने को कहा था तो पोज देने के लिए तैयार हो गए। इसी बीच अचानक कुछ फैंस आकर उनके साथ फोटो क्लिक करवाने लगे। फैंस को देखकर पैपराजी चिल्लाए और अर्जुन कपूर से दूर हटने को कहने लगे। यह देखकर अर्जुन नाराज हो गए। वह पैपराजी को चुप रहने के लिए कहते दिखे। इसके बाद अर्जुन ने फैंस को फोटो दिए।

## अर्जुन कपूर अच्छे एफर्ट के बाद भी हुए ट्रोल

अर्जुन कपूर ने अपने फैंस को इंपॉर्टेंस दी और पैपराजी को चुप रहने को कहा। इसके बावजूद भी एक्टर को यूजर ने ट्रोल किया। दरअसल, यूजर्स यह मानने को तैयार नहीं है कि अर्जुन कपूर के भी फैंस हो सकते हैं। ट्रोल करने वालों ने कहा कि क्या सच में अर्जुन कपूर के फैंस हैं? कुछ यूजर्स ने कहा कि अर्जुन कपूर को उनके साथ फोटो लेनी चाहिए।



# शक्ति शालिनी से पहले अनीत देंगी बीए की परीक्षाएं

सै यारा से देश की सबसे बड़ी जेन-जी स्टार बन चुकीं अनीत पड्डा दिसंबर और जनवरी में अपने कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षाएं देंगी। सूत्रों के अनुसार, परीक्षाओं के तुरंत बाद वह दिनेश विजान की अगली फिल्म शक्ति शालिनी की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें वह लीड रोल में हैं। अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई कर रही हैं और इस समय पढ़ाई और वर्क फ्रंट को संतुलित करने में व्यस्त हैं। उनके शेड्यूल को इस तरह मैनेज किया गया है कि पढ़ाई को पूरा समय मिल सके, जबकि फिल्म का काम भी समय पर पूरा हो। सैयारा अनीत का वाईआरएफ डेब्यू था, जिसमें अहान पांडे के साथ उन्होंने अपने प्रदर्शन से इतिहास रच दिया। इसके बाद दिनेश विजान ने अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी के लिए अनीत को चुना। फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी, जिससे अनीत फिर इतिहास में दर्ज हो जाएंगी, सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस जिनकी फिल्म देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स की तरह मेगा हॉलीडे स्लॉट में आएगी।





# मैं कह सकता हूं कि मैं बिकाऊ हो गया हूं, मुझे अच्छे पैसे मिल रहे हैं

**पंचायत के तमाम सीजन में सचिव जी के रूप में मशहूर हुए जितेंद्र आज ओटीटी के बेहतरीन एक्टर्स में गिने जाते हैं। हाल ही में भागवत चैप्टर वन -राक्षस से चर्चा में आए जितेंद्र कुमार से खास बातचीत।**

हअअ के बाद फिल्मों का रुख करने वाले जितेंद्र कहते हैं कि वे फिल्मों में विविध भूमिकाएं करने के इच्छुक हैं। बकौल जितेंद्र, एक तरह से मैं अपनी सीधी-सादी इमेज से निकलना चाहता था, यही वजह है कि मैंने इस फिल्म में नेगेटिव रोल करना स्वीकार किया। मुझे लगता है कि नेगेटिव किरदारों को करने के लिए एक्टर को अलग तरह का रंग मिलता है, मगर कलाकार के रूप में हर रोल में उतनी ही मेहनत लगती है। अब जैसे कोटा फैक्ट्री का टीचर हो या फिर पंचायत का सचिव जी, जोर तो उतना ही लगाना पड़ता है।

## तब लगा था रातों-रात स्टार बन जाऊंगा

अपने अभिनय सफर के बारे में जितेंद्र कुमार ने कहा, जिस दिन मैं मुंबई आया, उस दिन पहली बार मैंने कैमरा फेस किया और वो विडियो रिलीज भी हुआ। मुझे शहर में पहले दिन ही एक्टिंग का काम मिल गया था। मैं इसके लिए खुद को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं, मगर यूट्यूब से सीरीज में आना और फिर सीरीज से फिल्मों में आने का जो सफर था, उसमें जो ट्रांजिशन थे, वो थोड़े टफ रहे। मैं वीकेंड पर ट्यूशन पढ़ाया करता था और कंस्ट्रक्शन कंपनी भी काम मैंने उसी दौरान किया है, मगर मेरे जो भी शूट हुआ करते थे, वो वीकेंड्स पर ही होते थे। मैं ट्यूशंस भी इसलिए पढ़ाया करता था कि मेरा सर्वाइवल हो सके। शुरू में तो मैं सिर्फ सीख ही रहा था कि कैमरा कैसे फेस करूं? इस क्राफ्ट को कैसे आगे बढ़ाऊं? उससे पहले तक मैंने स्टेज पर काम किया था। रंगमंच पर ही मुझे अहसास हुआ कि अभिनय में किस्मत आजमाई जा सकती है। मैं आपको बताऊं, तो मुझे दूसरे कलाकारों की तरह सालों संघर्ष नहीं करना पड़ा। मैंने जब अभिनय में किस्मत आजमाने की सोची, तो मुझे लगा था कि मैं रातों -रात स्टार बन जाऊंगा, मगर ऐसा हुआ नहीं। मैं निराश होकर वापस चला गया था, मगर वो वक्फा काफी कम था। तीन महीने बाद मैंने एक साल बाहर जॉब किया।

## नौकरी करते हुए महसूस हुआ कि मुझे मेरी मेहनत का फल मिल रहा है

जितेंद्र कुमार की प्राइज मनी काफी चर्चा में रही है कि अब वे अच्छा-खासा मेहनताना ले रहे हैं। इस पर वे हंसते हुए कहते हैं, लोगों ने तो वाशिंगटन के वाइट हाउस को मेरा घर बता कर पब्लिश किया है। वो फोटो देख कर समझ में आ जाना चाहिए कि मुझे कितना ज्यादा पैसा मिल रहा होगा? मजाक की बात छोड़ दी जाए, तो हां, मैं खुश हूं, मुझे मेरी प्राइज मनी मिल रही है। मैं जितना डिजर्व करता हूं मिल रहा है। मैं कलाकार के रूप में हमेशा से मानता हूं कि अगर आपका काम अच्छा है और वो ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचता है, तो उसका परिणाम आपको मिलता है और ये मेरा मेहनताना उसी का फल है। दूसरे लफ्जों में कहूं, तो आपका काम बिकाऊ हो जाता है, तो मैं कह सकता हूं कि मैं बिकाऊ हो गया हूं, मुझे अच्छे पैसे मिल रहे हैं।

## हर किरदार के लिए जान लगानी पड़ती है

यूट्यूब के बाद ओटीटी और उसके बाद शुभ मंगल ज्यादा सावधान और भागवत चैप्टर वन- राक्षस जैसी फिल्मों में नजर आने वाले जितेंद्र ओटीटी और फिल्मों के बीच के ट्रांजिशन के बारे में कहते हैं, मुझे लगता है कि लोग थिएटर आएंगे या नहीं ये एक्टर और ऑडियंस के रिश्ते पर निर्भर करता है। अगर कोई एक्टर दर्शकों को सिनेमा हॉल तक लाने में कामयाब है, तो फिर चाहे वो किसी भी माध्यम का कलाकर हो, फर्क नहीं पड़ता। हां, ओटीटी और फिल्मों में कहानी कहने का ढंग काफी अलग होता है। सीरीज में आप कहानी की डिटेलिंग कर सकते हैं, सिनेमा में काम समय में प्रभाव जमाना होता है। मगर जहां तक अभिनेता के नजरिए की बात है, तो जैसे ही एक्शन बोला जाता है, एक्टर को वो मोमेंट क्रिएट करना होता है।

## मुंबई की तरह दूसरी जगहों में आप बिंदास होकर नहीं घूम सकते

हाल ही में जितेंद्र भागवत चैप्टर वन- राक्षस में एक ऐसी नकारात्मक भूमिका में नजर आए, जो महिलाओं को अपने प्रेम जाल का शिकार बना कर उन्हें मार डालता है। उनसे जब महिलाओं से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या के बारे में पूछा जाता है, तो वे कहते हैं, सबसे बड़ी समस्या तो सुरक्षा की ही है। मुझे नहीं लगता कि बड़े शहर और छोटे शहर की बात है। मैं मानता हूं कि गिने -चुने शहर ही ऐसे हैं, जो पूरी तरह से सेफ हैं। पूरे देश में वो डर इतना अंदर तक घुसा हुआ है कि महिलाएं तो खुद को असुरक्षित और असहज महसूस करती ही हैं, मगर पुरुष भी इस बेचैनी में रहता है कि उसके घर की महिलाएं बाहर सुरक्षित नहीं हैं। मगर हां, मैं मानता हूं कि मुंबई देश के उन गिने-चुने शहरों में से है, जहां आप खुद को सिक्योर और सेफ फील कर सकते हैं। अब जैसे देश के अंदरूनी इलाकों में आप उस तरह से बिंदास होकर नहीं घूम सकते, मगर मुंबई एक ऐसा शहर है, जो सोता नहीं और महिलाएं देर रात भी कामकाज से लौटती हैं या कहीं बाहर से आती हैं, तो बेखौफ होकर।

## 3 लाख 96 हजार 968 ईएफ का किया गया डिजिटाईजेशन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के कुशल निर्देशन में अनुकरणीय प्रदर्शन कर एक बार फिर साबित किया है कि संगठित प्रयास, मजबूत प्रशासनिक नेतृत्व और जनता की सक्रिय भागीदारी से किसी भी अभियान को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया सकता है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों बसेड़ी, बाड़ी, धौलपुर एवं राजाखेड़ा में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाईजेशन के कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 1 लाख 8 हजार 830, 78-बाड़ी में 1 लाख 29 हजार 993, 79-धौलपुर में 84 हजार 972 तथा 80-राजाखेड़ा में 73 हजार 173 कुल 3 लाख 96 हजार 968 ईएफ को डिजिटाईड किया गया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए बैठक आज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 79 धौलपुर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यकम 2026 4 नवम्बर से प्रारंभ किया जा चुका है। जिसके सफल संचालन, कियान्वयन हेतु 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में सीबीईओ धौलपुर तथा सैपऊ, समस्त पीईईओ विधानसभा क्षेत्र धौलपुर की बैठक का आयोजन नगर परिषद सभाकक्ष मचकुण्ड रोड़ धौलपुर पर किया जा रहा है। जिसमें फील्ड में बीएलओ की सहायता करने, मतदाताओं की मैपिंग करने, परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण करने तथा ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने तथा परिगणना प्रपत्र में वर्ष 2002 की जानकारी खोजने आदि के संबंध में बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में उपस्थित नहीं होने पर निर्वाचन नियमों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## उपखण्ड कार्यालय यथावत रखने की मांग को लेकर कांग्रेस भी मैदान में



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** बिजौलियाँ उपखण्ड कार्यालय को यथावत रखने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस व मंडल कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उपखण्ड के विलय की चर्चाओं से ऊपरमाल की जनता में रोष व्याप्त हैं। बिज़ौलियां उपखण्ड में करीब 124 राजस्व ग्राम आते है और एक नगर पालिका है।खनन क्षेत्र होने से जिले में सबसे बडा राजस्व इस उपखण्ड से ही जाता है और आए दिन जमीनों के विवाद, बंटवारा दावा,फसल मुआवजा व जमानत सम्बन्धी कार्य होते रहते हैं।विलय होने की स्थिति में काँग्रेस पार्टी एवं आमजन द्वारा आन्दोलन व धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई। जिप सदस्य अंकित तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, यूथ अध्यक्ष रामफूल धाकड़, कपिल मेवाड़ा, गोपाल लाल शर्मा, रणजीत सिंह कानावत, दिनेश पालीवाल, राहुल सेठिया,विशाल तिवारी, विक्रम सोनी सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता मार्च का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय एकता और देश भक्ति का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी (निसं.)**सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष में मंगलवार को कुचामनसिटी में 'सरदार @150 समारोह' के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से यूनिटी मार्च (एकता मार्च) का आयोजन किया गया। यह मार्च शहर के कनोई पार्क में महात्मा गांधी की मूर्ति पर माला पहनाकर राजस्व विभाग मन्त्री विजय सिंह चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनीता माहेश्वरी, नगर परिषद सभापति सुरेश सिखवाल, एडीएम कुचामन सिटी राकेश गुप्ता,एसडीएम विश्वामित्र मीणा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर लाल खोखर, दिनेश चौधरी आदि अतिथिगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एकता मार्च के दौरान 'सरदार पटेल अमर रहें ', 'वंदे मातरम् ', 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा और राष्ट्रीय एकता का संदेश पूरे शहर के दिया गया। एकता यात्रा विभिन्न मार्गों और चौराहों से होकर कनोई पार्क में समाप्त हुई 7 इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई गई 7 कार्यक्रम के दौरान युवाओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई एवं उनको सम्मानित किया गया 7 कार्यक्रम में मंच संचालन विजयहिंद ने किया।

# बच्चों को बताए जलमीटर के फायदे जलसंरक्षण के प्रति किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** कुचामन शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के निर्देशन में आअधिशाषी अभियंता राजकूमार मीणा के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल सैनी के सहयोग से शहर के राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन सिटी में विद्यारथी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण एवं सीवरेज व व्यक्तिगत स्वच्छता पर किया जागरूक । इस कार्यक्रम में पानी के संरक्षण पर बच्चों की भूमिका पर बोलते हुये कैप. के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने छात्र- छात्राओं को नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि आम जन को नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी पय्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ मिलेगा, जलमीटर से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी और बच्चों से अपील कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करे। आवश्यकतान्सार ही जल का उपयोग करें पानी की एक-एक बून्द बचाए क्योंकि यह आज की बचत कल का भविष्य है इसलिए पानी को किसी भी प्रकार से बर्बाद नहीं करें और ना ही दुसरों को करने दें। जितना हो सके उतना पानी कम खर्च करें । जो आज की बचत और कल का भविष्य है। साथ ही कैप की सविता शर्मा ने सीवरेज प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि आपके घर के टॉयलेट, रसोई व बाथरूम को सीवरेज लाइन से जोड़ा जायेगा एवं सीवरेज कार्य से होने वाले फायदों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि शहर साफ सुधरा एवं स्वच्छ बनेगा जिससे पर्यावरण सही रहेगा तथा मच्छर मक्खी में कमी आयेगी गन्दगी से फैलने वाली बीमारियो से छुटकारा मिलेगा सीवरेज प्रणाली हानिकारक जीवाणुओं उत्पति रोकने में सहायक है। जिससे चिकित्सा पर भी व्यय कम होता है। सीवरेज प्रणाली जल-जलित होने वाली 70 प्रतिशत बीमारियों से बचाव करती है। सीवरेज प्रणाली भूमिगत जल प्रदूषण रोकती है, व्यर्थ पानी को सीवरेज प्रणाली में डालकर घर के आसपास भरने से रोककर घरों सीलन व क्षति से बचाव किया जा सकता है, जिससे रख-रखाव का खर्च कम होता है। साथ ही सीवरेज प्रणाली शहर को साफ-सुथारा बनाने में सहायक है। इसी कम में स्थानीय विद्यालय परिवार की प्रधानाचार्या मंजू चौधरी ने आरयूआईडीपी परियोजना के विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आने वाले समय में आमजन को परियोजना के कार्यों से लाभान्वित होंगे तथा शहर स्वच्छ व सुन्दर बनेगा इसमें हम सब का सहयोग अपेक्षित है। इसी कम में स्थानीय विद्यालय परिवार की उप प्रधानाचार्या सीमा जी ने जल संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला और अपने उदबोधन में बोलते हुये बच्चों को जल संरक्षण पर शपथ दिलाई और कहा कि आज की बचत कल का भविष्य है पानी को किसी भी प्रकार से बबर्बाद नहीं करें और ना ही किसी को करने दें स्थानीय विद्यालय परिवार की मनोरमा जी ने कहा कि स्कूल में इस प्रकार के जल संरक्षण, सीवरेज के लाभ, व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ सफाई पर जागरूकता कार्यकरम समय-समय पर कराने चाहिए जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी परियोजना में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में स्थानीय विद्यालय परिवार की सरोज शेखावत, संतोष देथा, सोनू सोनी, पूनम मीना, हंसा चौहान एल एण्ड टी के किशन सिंह, ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया ।

## जिले में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गतिविधियां



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशीली दवाओं की मांग से निपटने के लिए 15 अगस्त 2020 से नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 18 नवंबर को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य अभियान की उपलब्धियों को उजागर करना, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन संबंधित विभागो द्वारा किया गया। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि जिले में संचालित राजकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किये गये समारोह में विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी ऑनलाईन वेबएक्स लिंक द्वारा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रोजक्टर के माध्यम से समारोह को दिखाया गया। जिले में विभाग के सभी राजकीय छात्रावासों में आवासरत छात्र-छात्राओं ने नशे के खिलाफ ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से और ऑफलाइन शपथ ली साथ ही जिले में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा अध्ययनरत सभी छात्रों को नशे के खिलाफ ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से और ऑफलाईन शपथ दिलवायी गयी। डाइट धौलपुर में आयोजित एक महत्वपूर्ण टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम में सीडीईओ महेश मंगल द्वारा नशामुक्ति भारत अभियान की 5वी वर्षगांठ के अवसर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर सभी को नशे के विरूद्ध शपथ भी दिलवाई गयी। जिसमें सभी शिक्षकों ने नशे से दूर रहने, इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने और समाज मे सकारात्मक बदलाव लाने के लिए शपथ ली। टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्मिकों ने नशे से दूर रहने एवं इसके लिए अपने आस-पास जागरूकता फैलाने की शपथ ली। साथ ही गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य समारोह से विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी ऑनलाईन वेबएक्स लिंक द्वारा जिले के जिला कलक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिको द्वारा जुड़कर समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया।

## राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आबूसर में नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**झुंझुनूं(निसं.)** राज्य सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत मंगलवार को आबूसर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक शपथ ग्रहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं रैली आयोजित कर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया गया। संस्था प्रधान अनिल कुमार जांगिड़ ने बताया कि नशा मुक्ति कार्यक्रम के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्ढ्ढक्र-2026) पर भी छात्रों को जागरूक किया गया। इस दौरान झुंझुनूं उपखण्ड अधिकारी कौशल्या विश्नोई, नायब तहसीलदार अभिषेक मीणा ने SIR प्रक्रिया, पंजीकरण की आवश्यकता एवं युवाओं की सहभागिता पर विस्तार से जानकारी दी। बाद में उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में संस्थान के स्टाफ के साथ हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के प्रदीप ईशरवाल, पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा, मास्टर ट्रेनर पुष्पक, राजवीर, मंजीत चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला परिषद की साधारण सभा 28 नवंबर को

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं (निसं.)** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 28 नवंबर को दोपहर 12:15 बजे जिला परिषद सभाभवन में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागीय विषयों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पालना की समीक्षा, जिले में विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत संबंधित समस्याओं, सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुड़े कार्यों की प्रगति, पेयजल आपूर्ति एवं उससे संबंधित मुद्दों पर चर्चा, महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना एवं श्रम बजट पर चर्चा एवं अनुमोदन किया जाएगा। इस दौरान पंचायती राज विभाग को हस्तान्तरित पाँचों विभागों की योजनाओं व कार्यों पर विमर्श व पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के कार्यों पर चर्चा एवं अनुमोदन भी किया जाएगा।

प्रारूप-5
(नियम - 6 ) (2) देखिए

### प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक (जयपुर)

क्रमांकः-नपासां/ 2025-26 / 1967 दिनांकः- 18/11/25

-: लोकसूचना :-

पालिका कार्यालय में निम्न आवेदकों द्वारा नीचे वर्णित भूमि मे के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| नगर पालिका का नाम | आवेदक का नाम व पता | भूखण्ड का विवरण | क्षेत्रफल (वर्गगज में) |
|---|---|---|---|
| सांभर लेक | श्रीमति सोहनी देवी गोयल पत्नि श्री ओमप्रकाश गोयल निवासी- सांभर लेक | स्टेशन रोड, सांभर लेक | 176.75 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्री अमित गोयल पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी- नकाशा मौहल्ला सांभरलेक | गोला बाजार सांभर लेक | 56.66 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्री अमित गोयल पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी- नकाशा मौहल्ला सांभरलेक | तेली दरवाजा के पास, सांभर लेक | 372.00 वर्गगज |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास, राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69- क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

प्राधिकृति अधिकारी
नगर पालिका सांभर लेक

### OFFICE OF THE PANCHA VAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)

S.NO: PS-SBR/2025-26/181-1/1064 DATE- 14.11.25

### INVITATION OF TENDER 2025-26

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for One painting/writing work and One Haddi Teka at P.S. Sambhar Lake (Jaipur).

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
UBIN : ZJP 2526 WSOB 01844 AND ZJP 2526 WSOB 01848

BDO
Panchayat Samiti
Sambhar Lake

### राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, सी.बी.एस आगार, जयपुर

निविदा सूचना

निगम के केन्द्रीय बस स्टैण्ड, सिन्धी कैम्प, जयपुर के अधीनस्थ निम्न बस स्टैण्डों पर बुकिंग एजेण्ट नियुक्त किये जाने हेतु ई–बोली आमंत्रित की गयी है।

जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 02.12.2025 को खोली जानी है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी निगम वेबसाईट https://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc पर एवम् राज्य लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। जिसका UBN is RTC2526SLOB00579 है।

राज.संवाद/सी/25/14084 विज्ञापन संख्या 269/2025-26 मुख्य प्रबन्धक

### नाम परिवर्तन

मैंने बालकिशन प्रजापत पुत्र रामवातार निवासी वार्ड नं 8 राजलदेसर जिला चुरू का निवासी हूं। मैंने मेरा नाम बदलकर बालकिशन प्रजापत पुत्र रामवातार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

बालकिशन प्रजापत पुत्र रामवातार वार्ड नं 8 राजलदेसर जिला चुरू

राजस्थान सरकार

### न्यायालय तहसीलदार, जोबनेर जिला जयपुर

क्रमांक/भू.अ./2025/4451 दिनांकः-17/11/25

-:सार्वजनिक सूचना नोटिसः-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सूरजमल जाट पुत्र हरदेवराम जाट निवासी कुमावतो की ढाणी ग्राम बोबास तहसील जोबनेर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मृतक खातेदार लक्ष्मण पुत्र गोविंदा जाति जाट निवासी बोबास के नाम दर्ज खातेदारी भूमि ग्राम बोबास के आ. ख. नं. 323 रकबा 3.7935 है हिस्सा 1/2 व खसरा नं. 171 रकबा 0.4046 है. में स्थित हिस्सा सम्पूर्ण की मृतक खातेदार की पत्नि मृतका प्रभाती देवी के द्वारा की गयी वसीयत के आधार पर नामान्तकरण खुलवाने बाबत प्रकरण भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) के तहत हाजा न्यायालय में विचाराधीन है। अतः यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपति / ऐतराज हो तो आगामी दिनांक 21.11.2025 तक पेश करे अन्यथा एकतरफा कार्यवाही कर प्रार्थी के पक्ष में निर्णय कर दिया जावेगा।

तहसीलदार
(भू.अ.) जोबनेर जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
देखिये नियम 21

### कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन

मु. नं.- 135/2025/2228 दिनांकः- 10-10-2025

नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री कैलाशचंद्र चारण पुत्र श्री ईश्वरचंद्र चारण गुदडवास सहण सर सीकर पिन कोड 331024 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत श्री करणी जागृती संस्थान चुरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 07.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.12.2025 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
19 नवम्बर, 2025


## विख्यात फिल्म प्रोड्यूसर डायरेक्टर विक्रम भट्ट ने राजस्थान के एक डॉक्टर से 20 करोड़ ठगे

### उदयपुर के गोपालपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ मामला, उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने मामले की पुष्टि की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हिंदी फिल्म जगत के मशहूर निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट के खिलाफ राजस्थान के उदयपुर के डॉक्टर ने 20 करोड़ रुपए हड़पने का मामला पुलिस में दर्ज करवाया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है हालांकि विक्रम भट्ट ने पीड़ित डॉक्टर ने उन पर जो आरोप लगाए हैं उन्हें सिरे से खारिज किया है अब यह तो पुलिस जांच में ही पता चल पाएगा कि कौन सही है और कौन झूठा पुलिस रिपोर्ट में उदयपुर के एक बड़े निजी अस्पताल के मालिक अजय मुंडिया ने बताया है कि विक्रम भट्ट ने चार फिल्मों में निर्माण के लिए उनसे पैसा लगाने की बात कही और कहा कि इन फिल्मों से उन्हें 20 करोड़ के बदले 200 करोड़ रुपए की इनकम होगी जिस पर उन्होंने समय-समय पर विक्रम भट्ट को फिल्म निर्माण के लिए पैसा दिया इस तरह से 20 करोड रुपए विक्रम भट्ट ने उनसे लिए इनमें दो फिल्मों का निर्माण भी हुआ दो फिल्में प्रदर्शित भी हुई लेकिन उन्हें विक्रम भट्ट ने पैसा नहीं लौटाया हालांकि विक्रम भट्ट पीड़ित डॉक्टर के तमाम आरोप गलत बताए हैं पुलिस इस मामले से जुड़े प्रत्येक विषय की गंभीरता से जांच कर रही है जानकार लोगों का कहना है कि यह मामला सिविल से जुड़ा हुआ दिख रहा है इसलिए ऐसा लगता है कि इस मामले में पुलिस की ओर से जो जांच होगी उसमें यही कहा जा सकता है कि यह मामला कोर्ट से ही निपटेगा फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच करके यह पता लग रही है कि क्या वास्तव में विक्रम भट्ट पर जो आरोप लगाए गए हैं वह सही है फिलहाल यह काफी हाई प्रोफाइल मामला है लेक सिटी उदयपुर में इस मामले को लेकर कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है अब देखना यह है कि पुलिस की जांच में क्या निकल कर सामने आता है ।

## बैदी ने की मुख्य सचिव से मुलाकात



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गांधी आश्रम सुजानगढ़ के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने प्रदेश के नव नियुक्त मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास से मुलाकात कर सुजानगढ़ के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए गुजारिश की। इस दौरान उन्होंने बताया कि गरीबों को रोजगार की दृष्टि से सुजानगढ़ और चूरू जिला पिछड़ा हुआ है। अतः यहां पर रोजगार को प्राथमिकता दी जावे। इस दौरान बैदी ने मुख्य सचिव का स्वागत भी किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आत्माराम मेघवाल भी मौजूद रहे।

## ईमानदारी की मिसालः डिमॉर्ट में मिला पुलिसकर्मी का खोया फोन चार प्रतियोगी छात्रों ने लौटाया

### फागी के चार युवाओं ने दिखाई जिम्मेदारी, कांस्टेबल को लौटाया महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों वाला मोबाइल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे चार मेहनती युवाओं ने उस समय ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की, जब उन्होंने पुलिस मुख्यालय में कार्यरत एक कांस्टेबल का खोया हुआ मोबाइल फोन लौटाया। यह घटना दर्शाती है कि समाज में आज भी नैतिकता और सच्चाई का मूल्य कितना महत्वपूर्ण है। यह वाकया लाल कोठी स्थित डिमॉर्ट डिपार्टमेंटल स्टोर का है। फागी तहसील के पिनास चकवाडा गांव के रहने वाले रघुराज गुर्जर, सुनील गुर्जर, दीपक गुर्जर और सोमेश गुर्जर स्टोर में खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पुलिस मुख्यालय में कार्यरत कांस्टेबल घनश्याम शर्मा का मोबाइल फोन मिला। फोन में कई अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और संपर्क जानकारी मौजूद थी। चारों युवकों ने बिना किसी देरी के अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल पर कॉल किया और कांस्टेबल घनश्याम शर्मा को सूचित किया कि उनका खोया हुआ फोन उनके पास सुरक्षित है। सूचना देने के बाद चारों युवक तुरंत पुलिस मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने कांस्टेबल घनश्याम शर्मा को उनका क़ीमती मोबाइल फोन सम्मानपूर्वक सुपुर्द कर दिया। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर कांस्टेबल घनश्याम शर्मा बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने चारों युवकों का तह-ए-दिल से धन्यवाद किया। कांस्टेबल शर्मा ने बताया कि फोन में उनके कई अत्यधिक महत्वपूर्ण सरकारी और व्यक्तिगत दस्तावेज़ थे, जिनके खो जाने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता। पिनास चकवाडा के ये चारों युवक वर्तमान में जयपुर में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उनकी इस पहल ने न केवल उनके गांव और परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि उन सभी लोगों के लिए एक प्रेरणास्रोत बने हैं जो मानते हैं कि ईमानदारी सबसे बड़ी नीति है।

## जी पी एस पोद्दार नवलगढ के स्काउट गाइड नेशनल जंबूरी के लिए रवाना

**नवलगढ** नवलगढ में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नवलगढ़ के तत्वाधान में जी पी एस पोद्दार के आठ स्काउट गाइड व लीडर रौनक वर्मा व ममता के नेतृत्व में आज नेशनल जंबूरी हेतु विद्यालय से रवाना हुए। पोद्दार संस्था के एम डी शान बाग वजीपीएस के प्रिंसिपल जीन सी के ने स्काउट गाइड को पुष्पाहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाओं के साथ विदाई दी ।

# भारत के डेयरी क्षेत्र में आरसीडीएफ की ऊंची उड़ान, फिर मिला एक और बड़ा पुरस्कार

**आरसीडीएफ ने देश में राजस्थान का लहराया परचम,**

**तीन बड़े पुरुस्कार आरसीडीएफ की झोली में हर श्रेणी में आरसीडीएफ को अवार्ड,**

**राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को दिल्ली में आरसीडीएफ को मिलेगा गोपाल रत्न अवॉर्ड**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने वर्ष 2025 के लिये पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्डस की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर, 2025 को गोपाल रत्न अवार्ड वितरित किये जायेंगे। पुरुस्कार वितरण समारोह में भारत सरकार के मत्स्य पशुपालन डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह राज्यमंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल और राज्यमंत्री जार्ज कुरियन की उपस्थिति में आयोजित होगा। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने इस वर्ष तीन बड़े अवार्ड जीतकर लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई है। तीन बड़े राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्डआरसीडीएफ की झोली में आये हैं और गोपाल रत्न अवार्ड की तीनों श्रेणियां में आरसीडीएफ को पुरुस्कार से नवाजा गया है। बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी श्रेणी में जयपुर जिला दुग्ध संघ की घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का चयन हुआ है। समिति को पुरुस्कार स्वरुप तीन लाख रुपये नकद मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह मिलेगा। बेस्ट डेयरी फार्मर श्रेणी में सीकर जिला दुग्ध संघ के दुग्ध उत्पादक हर्षित झुरिया को अवार्ड की घोषणा की गई है। हर्षित झुरिया को दो लाख रुपये नकद मैरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार बेस्ट एआई टैक्नीशियन की श्रेणी में हनुमानगढ़ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के दुग्ध उत्पादक विकास कुमार का चयन हुआ है जिन्हें मैरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। इससे पहले भी आरसीडीएफ एवं इससे सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में आयोजित एक समारोह में भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी माया देवी और आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज को कार्बन क्रेडिट की पहली किस्त सौंपी थी।भीलवाड़ा में फलैक्सी बॉयोगेस के पायलेट प्रोजेक्ट में कार्बन क्रेडिट अर्जित करने और पर्यावरण सुरक्षा के काम की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई थी। पिछले वर्ष आरसीडीएफ से सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों को राष्ट्रीय स्तर के दो गोपाल रत्न अवार्ड मिले थे और केन्द्रीय पंचायती राज एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने दिल्ली में आयोजित समारोह में आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्वाज को अवार्ड देकर सम्मानित किया था। इस वर्ष आरसीडीएफ को मिलने वाले अवार्डस की संख्या तीन हो गई है और हर श्रेणी में अवार्ड मिला है। हाल ही में जैसलमेर में भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भी आरसीडीएफ की उपलब्धियों और नवाचारों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गोपाल रत्न अवार्डस के लिये राजस्थान राज्य के दुग्ध उत्पादकों को बधाई देते हुऐ कहा है कि राजस्थान राज्य में डेयरी विकास के क्षेत्र में नवाचारों का यह सिलसिला जारी रहेगा। गौरतलब है कि भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय की ओर से वर्ष 2021 से पशुपालन और डेयरी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिये प्रतिष्ठित गोपाल रत्न राष्ट्रीय अवार्ड दिये जा रहे हैं। इस वर्ष विजेताओं का चयन देशभर से कुल 2081 आवेदकों में से किया गया है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 5 ईमित्र कियोस्क धारकों के लाईसेंस सस्पेंड



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एसआईआर का कार्य इन दिनों परवान पर है और निर्वाचन विभाग का यह कार्य सब कार्यों पर प्राथमिकता लिए हुए हैं। पहले तो घर-घर में फार्म वितरण का कार्य बीएलओ द्वारा किया गया। उसके बाद अब फार्मों के संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि अनेक अतिरिक्त कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाकर सभी बीएलओ के फार्म ऑनलाईन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम तक करीब 28 प्रतिशत फार्म ऑनलाईन हो चुके हैं तथा कुछ लगातार ये कार्य जारी है। करीब तीन लाख फार्म ऑनलाईन किए जाने हैं। आम लोगों से अपील है कि अपने फार्म फटाफट बीएलओ के पास जमा करवायें, ताकि कार्य तीव्र गति से सम्मान हो सके। दूसरी ओर इस कार्य के लिए अनेक ई मित्र कियोस्क धारकों को ड्यूटी लगाई जाती है। इस ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 5 ई मित्र कियोस्क धारकों की आईडी 15 दिनों के लिए बंद करके लाईसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही करने पर फिरोज खान, मेहुल शर्मा, रमेश जांगिड़, राकेश जांगिड़, मो. असरफ भूट्टा, मो. रज्जा के लाईसेंस निलंबित कर दिए हैं।

## दो दिवसीय अंतर-एजेंसी राज्य सम्मेलन सम्पन्नः महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम पर व्यापक चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट जयपुर ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 17 और 18 नवंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय अंतर-एजेंसी राज्य सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सम्मेलन का केंद्रीय विषय 'महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम से संबंधित NCL प्रावधान एवं मिशन वात्सल्य की भूमिका' था। सीडीटीआई जयपुर के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह कपूर, आईपीएस ने बताया कि इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, विशेषज्ञ, बाल संरक्षण कर्मी, अभियोजन अधिकारी और WCD विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पहले दिन 17 नवंबर को नए आपराधिक कानून और मिशन वात्सल्य सम्मेलन का उद्घाटन मे निदेशक सीडीटीआई ने नए आपराधिक कानूनों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराधों की जाँच में बाल-अनुकूल प्रक्रियाओं, संवेदनशीलता और मल्टी-एजेंसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मिशन वात्सल्य को बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने वाला एक प्रभावी राष्ट्रीय कार्यक्रम बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. मीना शर्मा ने सुरक्षित समाज के लिए पुलिस, मीडिया और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर साझेदारी की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी सत्रों के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ सलाहकार जुनैद उल इस्लाम ने SJPU, बाल कल्याण संरचनाओं की भूमिकाओं और पोक्सो कानून के नवीन केस लॉ पर विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त निदेशक आईटी चंदकिरण चोकर ने वात्सल्या पोर्टल की उपयोगिता और चुनौतियों पर सत्र लिया, डॉ. संगमित्रा बारिक ने देशभर में मिशन वात्सल्या के तहत लागू उत्कृष्ट प्रथाओं को प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक अभियोजन श्री अब्दुल समद चिश्ती ने NCL से जुड़े महिला और बाल सुरक्षा प्रावधानों की विस्तृत चर्चा की। अंत मे साइबर विशेषज्ञ योगेश राव ने ऑनलाइन शोषण, साइबर अपराध प्रवृत्तियों और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। सम्मेलन के दूसरे दिन 18 नवंबर की शुरुआत जुनैद उल इस्लाम की NCRB-2023 में दर्ज बच्चों से संबंधित अपराध प्रवृत्तियों पर डेटा-आधारित प्रस्तुति से हुई। जगदीश प्रसाद (उप निदेशक, ङ्कष्टष्ठ जयपुर) ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं और पुलिस पहलों की जानकारी दी। डॉ. शिप्रा माथुर (वरिष्ठ मीडिया विशेषज्ञ) ने अपराध रोकथाम में मीडिया की भूमिका, नैतिक रिपोर्टिंग और जन-जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस महत्वपूर्ण चर्चा में जुनैद उल इस्लाम, डॉ. के.के. कुमावत, डॉ. शिप्रा माथुर, और डॉ. संगमित्रा बारिक ने भाग लिया। वक्ताओं ने समन्वय की कमी, पुनर्वास चुनौतियों और बाल न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाने हेतु नवाचारों पर गहन विचार-विमर्श किया। सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि सम्मेलन का समापन वैलेडिक्शन समारोह के साथ हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन ने विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत किया और राजस्थान सहित पूरे देश में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया।

## विधायक हरलाल सहारण की अनुशंषा पर विधानसभा क्षेत्र में 4 करोड़ के होगे विकास कार्य

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** विधायक हरलाल सहारण की अनुशंषा पर डिस्ट्रिक मिनरल फाउडेशन ट्रस्ट चूरू द्वारा बैठक आयोजित करं सर्व सम्मति से कुल 73 नवीन कार्यो हेतु 4 करोड़ रू का अनुमोदन किया गया। जो कि विधानसभा क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रो के सुदृढीकरण के लिए आंगनबाड़ी के विकास के लिए राशि स्वीकृत की गई है। एवम् महिला एवम् बाल विकास विभाग के प्रस्ताव के अनुसार खनन प्रभावित क्षेत्रो में भी आंगनबाड़ी केन्द्रो के लिए खर्च किये जायेगे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में यह 4 करोड़ रू. की राशि आंवटित होने से जिला मुख्यालय सहित कई कार्यो को करवाया जायेगा। उन्होने बताया कि जिसमें 40 लाख रू. टाउनहॉल, 70 लाख रू लोहिया महाविघालय में भवन निर्माण कम्पयुटर व फर्निचर पर खर्च किये जायेगे वही 30 लाख रू. जिला खेल स्टेडियम, 20 लाख रू कन्या छात्रावास में 4 कमरो के निर्माण हेतु कुल राशि 60 लाख रू.खर्च किये जायेगे। वही दांदू, बालरासर, लोहसना बड़ा, रिबिया, जासासर, रायपुरिया, नाकरासर में प्रत्येक क्षेत्र में 8-8 लाख रू. से टीनशेड निर्माण जोड़ी में 6 लाख रू. मनोरंजन क्लब चूरू में 5 लाख रू. एवम् बालरासर तंवरान में 8 लाख रू. से टीनशेड निर्माण हेतु कुल 75 लाख रू. करवाया जायेगा। विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक भवन चारदिवारी निर्माण के लिए 20 लाख रू., देपालसर शमशान भूमि में ट्रेक निर्माण के लिए 16 लाख रू. बास ढाकान में शौचालय निर्माण हेतु 3 लाख रू. सहित कुल 39 लाख रू. पास किये गये है। इसी क्रम में ढाढर, धांधू, जोड़ी पीथीसर, करणपुरा, लालासर बणीरोतान, चंदेलनगर, लोहसना छोटा, सातड़ा, बणीका बास, में आंगनबाड़ी भवन रिपेयरिंग हेतु 20 लाख रू खर्च किये जायेगे वही पुत्री पाठशाला चूरू में कक्षाकक्ष निर्माण हेतु 16 लाख रू, रामसरा स्कूल में 16 लाख रू. खिवासर स्कूल में 10 लाख रू., पीथीसर स्कूल में 10 लाख रू., करणपुरा स्कूल में 8 लाख, धंटेल स्कूल में 8 लाख रू., एवम् रिड़खला स्कूल में 8 लाख रू. सहित कुल 76 लाख रू. खर्च किये जायेगे। वही अटल ज्ञान केन्द्र में खांसोली व दांदू में 25 लाख रू. एवम् खांसोली एवम् घंटेल में ऑपन जिम निर्माण हेतु 5 लाख रू. स्वीकृत किये गये है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि इस स्वीकृति से चूरू में विकास कार्य करवाये जायेगे एवम् सार्वजनिक स्थानो पर मरम्मत एवम् नव निर्माण होने से आमजनता को काफी फायदा मिलेगा। इस स्वीकृति के लिए सभी कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ एवम् विधायक हरलाल सहारण का आभार जताते हुऐ प्रसन्नता व्यक्त की है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल कल बिहार में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे







### बिहार में विधायक दल की बैठक के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर्यवेक्षक, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल सहायक पर्यवेक्षक नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल बिहार में सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। कल नीतीश कुमार बिहार के 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री, अमित शाह भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे ।पटना के गांधी मैदान में नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है गांधी मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है और इस कार्यक्रम में करीब 100000 लोगों के आने की संभावना है। इसलिए सभा स्थल के आसपास सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए गए हैं। करीब 20000 कुर्सियां भी लगाई जाएगी। इसके अलावा विशिष्ट जनों और विशेष मेहमानों के लिए बैठने की अलग से व्यवस्था रखी गई है इस पूरे समारोह पर पुलिस की ओर से ड्रोन के माध्यम से सुरक्षा प्रबंधन की निगरानी की जाएगी इसके अलावा सभा में किसी भी तरह का कोई व्यवधान खड़ा ना हो इस पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी जानकारी के अनुसार बिहार में आज एनडीए विधायक दल की बैठक आयोजित हो रही है, इस बैठक के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पर्यवेक्षक बनाया गया है और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल को सहायक पर्यवेक्षक तथा एक अन्य को सहायक पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है नीतीश सरकार में मंत्रियों के चयन के लिए बुधवार की रात तक अमित शाह बिहार पहुंच जाएंगे। इसके बाद मंत्रिमंडल में मंत्रियों के चयन को लेकर भी आपस में बातचीत करके नाम निर्धारित किए जाएंगे ।

## फुलेरा पुलिस का बड़ा खुलासा, फरार चोर मुकेश उर्फ मुक्कू गिरफ्तार, चोरी में इस्तेमाल अल्टो कार भी बरामद

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निसं.)।** पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए फरार चल रहे आरोपी मुकेश उर्फ मुक्कू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त मारुति सुजुकी अल्टो कार भी बरामद कर ली। इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी दयाराम को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने बताया कि परिवादी अभय कुमार निवासी न्यू कॉलोनी फुलेरा ने 2 अगस्त 2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि 1 और 2 अगस्त की रात्रि में उनके घर से तीन चांदी की पायल, ग्यारह चांदी के सिक्के, एक चांदी का नारियल, पाँच चांदी की अंगूठियां, पाँच जोड़ी चांदी की बिछिया, लक्ष्मीजी के चांदी के पगले, दो चांदी के कड़े तथा पचास हजार रुपये नकद चोरी हो गए। रिपोर्ट पर थाना फुलेरा में मुकदमा संख्या 156/2025 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले में एक आरोपी दयाराम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि दूसरा आरोपी मुकेश उर्फ मुक्कू निवासी निम्बोडिया थाना चाकसू फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, वृताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण व आसूचना तंत्र की मदद से लगातार प्रयास करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में फुलेरा थाना क्षेत्र के साथ-साथ जयपुर शहर के कई इलाकों में चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी दिन के समय मकानों की रेकी कर रात में मौका पाकर चोरी करता था। पुलिस चोरी किए गए अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास जारी रखे हुए है।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# कक्षा में नवाचार लाने का मिला वास्तविक मार्गदर्शन

जयपुर टाइम्स





चूरू(निसं.)। समग्र शिक्षा चूरू के तत्वावधान में आयोजित गणित एवं विज्ञान विषय आधारित चार दिवसीय एसटीईएम व के आरपी प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीपीसी सरिता अत्रे ने की। प्रशिक्षण में राज्य संदर्भ व्यक्तियों सुनील कुमार शर्मा, शिवकुमार शर्मा, निलेश इंदौरिया एवं ओमप्रकाश शर्मा ने लगातार चार दिन तक एसटीईएम, आईसीटी, कम्प्यूटेशनल थींकिंग और डिजाईन थींकिंग पर आधारित सत्र लेकर शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण की प्रभावी विधाओं से अवगत कराया। एडीपीसी सरिता अत्रे ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आज का प्रशिक्षण आवश्यकता ही नहीं, बल्कि कक्षा-कक्ष में वास्तविक परिवर्तन लाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि एसटीईएम शिक्षा विद्यार्थियों की जिज्ञासा, खोज की प्रवृत्ति और समस्या समाधान क्षमता को बढ़ाती है तथा शिक्षक ही वह माध्यम हैं जो इसे बच्चों तक प्रभावी रूप से पहुँचा सकते हैं। एपीसी हरिप्रसाद शर्मा ने एसटीईएम को केवल विषयों का समूह न मानते हुए इसे सीखने की एक नवाचारी प्रक्रिया बताया और कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता और नवाचार आधारित शिक्षण की वास्तविक समझ विकसित करता है। प्रशिक्षण के समापन पर प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा ने शिक्षकों को आईसीटी आधारित नई शिक्षण पद्धतियों, सिमुलेशन, डिजिटल टूल्स व तकनीकी संसाधनों के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराया। शिवकुमार शर्मा ने विभिन्न शैक्षिक टूल्स, क्विज प्लेटफॉर्म और तकनीकी मॉडल के माध्यम से कक्षाओं में नवाचार लाने के तरीके बताए। वहीं निलेश इंदौरिया और ओमप्रकाश शर्मा ने एसटीईएम को हैण्डस ऑन गतिविधियों के माध्यम से समझाते हुए गणित एवं विज्ञान की अमूर्त अवधारणाओं को मूर्त रूप में प्रस्तुत करने की उपयोगी विधियाँ साझा कीं। प्रशिक्षण में उपस्थित संभागियों ने भी इस आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी बताते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। शिक्षकों ने कहा कि यह प्रशिक्षण कक्षा को रटने की बजाय प्रयोग, अवलोकन और खोज का केंद्र बनाने की दिशा में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। एक प्रतिभागी ने कहा कि आईसीटी टूल्स और एसटीईएम गतिविधियों के उपयोग ने सीखने की पूरी प्रक्रिया को समझने का नया दृष्टिकोण दिया है।' कई प्रतिभागियों ने यह भी कहा कि गणित और विज्ञान की कठिन अवधारणाओं को बच्चों के स्तर पर सरल बनाने की तकनीकें पहली बार इतनी स्पष्टता से मिली हैं।समापन के अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी सुरेंद्र महला ने कहा कि यह प्रशिक्षण जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा देगा और कक्षा-कक्ष में नवाचार आधारित शिक्षण को सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर जितेंद्र माली, इकबाल गोरी आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन सुरेंद्र महला ने किया।

नेछवा में शिक्षकों का प्रदर्शन

## जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन




जयपुर टाइम्स

नेछवा(निसं.)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के तत्वाधान में शिक्षकों ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 2023 के नवनियुक्त शिक्षकों के स्थायीकरण तथा वेतन नियमितीकरण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कस्वाँ ने कहा कि राज्य के कई जिलों में स्थायीकरण व वेतन नियमितीकरण के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन सीकर जिले में यह प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है, जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है।इसी क्रम में शिक्षकों ने तहसीलदार को मुख्य सचिव के नाम भी ज्ञापन सौंपा, जिसमें एस.आई.आर तथा अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों के नाम पर शिक्षकों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव को समाप्त करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में सरकारी अधिकारियों के दबाव में आत्महत्या करने को मजबूर हुए मुकेश जांगिड़ को न्याय दिलाने की भी मांग रखी।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कस्वाँ ने कहा कि 'मुकेश की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक संस्थागत हत्या है, जिसके लिए निष्ठुर और अमानवीय प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार हैं। 'इस अवसर पर प्रदर्शन में झाबर मल, त्रिलोका राम, महावीर भामू, हजारीलाल, श्यामलाल, बलराम, मुन्नाराम बुड़ानिया, धर्मेंद्र गिठाला, सुरेश, सुनील, सुभाष, विकास निठारवाल, बबलू सेन, दिनेश डोटासरा, गजेंद्र धायल, दुलाराम भामू, कैलाश बिजारणिया, शिवदयाल सारण, सुनील सहित बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षक द्वारा आत्महत्या से सरकार के खिलाफ शिक्षकों में भारी आक्रोश

### बहुत हो गया, अब नहीं सहेंगे अत्याचार - शिक्षक संघ (शेखावत)



जयपुर टाइम्स

(निसं.) बीएलओ का कार्य कर रहे शिक्षक मुकेश चन्द जांगिड़ द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उत्पन्न किये गए तनावपूर्ण एवं डरावने हालात से मजबूर होकर की गई आत्महत्या पर राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने गहरा दुःख और शोक प्रकट किया है। संगठन से जुड़े शिक्षकों ने विद्यालय और कार्यस्थल पर श्रृद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया साथ ही सरकार तथा उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की क्रूरता और अमानवीय संवेदनहीनता की कठोर नींदा की तथा विरोधस्वरूप काली पट्टी बांधकर कार्य किया। शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, कार्यकारिणी सदस्य खींवाराम ख्यालिया और गोपीचंद खीचड़,जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़ तथा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पूनिया, मंत्री भोजराज शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकरलाल मीणा, संयोजक उम्मेद कुमार का मानना है कि यह आत्महत्या नही है बल्कि निष्ठुर, संवेदनहीन और अमानवीय प्रशासनिक मशीनरी व ब्यूरोक्रेसी द्वारा की गई संस्थागत हत्या है। जिस तरह से स्इर के कार्य में लगे हुए बीएलओ तथा सहायक कार्मिकों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डराया धमकाया जा रहा है, उन्हें आतंकित किया जा रहा है, जिसके चलते सैकड़ो कार्मिक भारी मानसिक तनाव और वेदना में है।

## सरस डेयरी में सहकारी सप्ताह का आयोजन, डेयरी चेयरमैन मुंड ने सहकारिता पर रखे विचार



जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निसं.)। शहर के चूरू जिला सरस दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ कार्यालय में मंगलवार को सहकारी सप्ताह का आयोजन किया गया। सभागार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में डेयरी संघ से जुड़े पदाधिकारियों, दुग्ध उत्पादक किसानों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता के महत्व, पारदर्शिता, किसानों की आय बढ़ाने और डेयरी विकास में सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ के चेयरमैन लालचंद मूंड ने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों की आर्थिक रीढ़ है। उन्होंने जोर दिया कि दुग्ध उत्पादक से किसानों को बेहतर दाम, तकनीकी सहयोग और बाजार उपलब्ध कराने में सहकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। चेयरमैन ने बताया कि संघ द्वारा गांव-गांव से दूध संग्रह कर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। जिससे हजारों परिवारों की आजीविका मजबूत हो रही है। डेयरी के एमडी जितेंद्र बुरडक ने जानकारी दी कि आने वाले समय में दूध गुणवत्ता परीक्षण उपकरणों को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि दुग्ध उत्पादकों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विशेष कदम उठाए जाएंगे। बुरडक ने कहा कि सहकारिता सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि विश्वास और भागीदारी का ऐसा तंत्र है जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करता है। इस दौरान प्रतिभागियों ने सहकारी सिद्धांतों के प्रति निष्ठा बनाए रखने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने दुग्ध आपूर्ति श्रृंखला में नई योजनाओं और जागरूकता अभियानों पर भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में किसानों और सदस्यों को सम्मानित किया गया। सभी से सहकारी सिद्धांतों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर डेयरी एमडी जितेंद्र बुरडक, झाबरमल मीणा, श्यामलाल शर्मा, सुमित शर्मा, मनोज सींवर, रामनिवास मेघवाल, डालनाथ सिद्ध, ओमप्रकाश स्वामी, प्रेमदास स्वामी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## घोषित जिले की भ्रूण हत्या कोशिश दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय के पास घोषित जिले की भ्रूण हत्या कोशिश दिवस मनाया गया। जय सुजला बनाओ जिला, भारत माता की जय के नारे जोर शोर से लगाऐ गये। इस दौरान सुनील खटीक ने कहा कि 18 दिसम्बर 2023 को नई बीजेपी सरकार ने पुरानी सरकार द्वारा गठित जिला निर्माण कमेटी को रद्द किया और फिर जिलों की समीक्षा के समय सुजानगढ़ जिले की घोषणा को पूरी तरह से रद्द करने का काम किया। इसलिए जय सुजला बनाओ जिला के नारे के साथ फिर से आंदोलन की तैयारी होगी। इस अवसर पर दिव्यांग धर्मचंद जांगिड़, श्रीराम भामा, कालूराम प्रजापत, अजयपाल, धर्मचंद जांगिड, छोटूलाल प्रजापत, कुंदनमल, जोगलसर के रूघाराम, राम निवास प्रजापत, गणपतराम, जींदरासर गांव से पूरेसिंह, जगमाल सिंह, भंवरलाल, विजयपाल श्योराण आदि शामिल हुए। वरिष्ठ नागरिक 85 साल के मांगीलाल वर्मा ने भी राज्य सरकार से सुजला जिला बनाने की मांग की।

## हमारे जीवन में शास्त्रमय की रक्षा करनी चाहिए, हमारे द्वारा की गई सेवा व साधना का प्रचार नही चाहिए

### दण्डी स्वामी श्री ब्रह्मदासजी महाराज




जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निसं.)। प्रातः स्मरणीय साहित्य संगीत नाट्यकला संत हृदय बाबू श्री शोभाचंदजी जम्मड द्वारा शरद पूर्णिमा सत्र 1925 में स्थापित श्री लोकरंक परिषद की स्थापना के सताब्दी महोत्सव में शान्ति कुटीर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के विश्राम दिवस की कथा में दण्डी स्वामी ब्रह्मानंदजी महाराय ने भागवत जी के एकादश द्वादश एकंद कथा सुनाते हुए कहा कि हमारे द्वारा की गई समाज सेवा व साधना गुप्त रखनी चाहिए। हमें गीता के 16 वें अध्याय में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को कहे वचन अनुसार शास्त्र मर्यादा की रक्षा करनी चाहिए। जीवन में लोक व्यवहार की बजाय शास्त्र सम्मत अत्चरण की प्रधानता रखनी चाहिए। शास्त्र विरुद्ध आचरण करने से न सिद्धि मिलती है और न सुख मिलता न मोक्ष मिलता। कथा में चिमनलाल उम्मेदमल बुच्चा ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। कथा में सुखाराम पारीक, बंशीधर बोहरा, जगदीश प्रसाद जैसनसरिया, रामनिवास जोशी, कमलाप्रसाद जोशी, महावीर माली, शंकर सिंधी, ओमप्रकाश बोहरा, देवकीनंद रोहिल्ला, शिवदयाल पारीक, मुखराम नाथोलिया, शोभाकांत स्वामी, शंभुदयाल पारीक, नथयल वर्मा, छगनलाल सेवदा, तेजपाल चौधरी, रामकिशन पारीक, मुखराम नारोलिया सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। समापन समारोह में भामाशाह विकास मालू, हंसराज पूजारी, बृजमोहन सर्राफ सहित अनेक लोगों का सम्मान किया गया।

## एसबीडी कॉलेज में सीआईआर-2026 के लिए कैंप, ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण दिया



जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निसं.)। शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में सीआईआर -2026 के तहत परिगणना प्रपत्रों को ऑनलाइन भरवाने के उद्देश्य से एक क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप ईएलसी कॉलेज नोडल प्रभारी सुमन के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने कॉलेज स्टाफ और अन्य कार्मिकों को ऑनलाइन गणना प्रपत्र अनिवार्य रूप से भरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस प्रक्रिया को एक राष्ट्रीय पहल बताते हुए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। एसडीएम कार्यालय से आए प्रशिक्षक सावन कुमार ने ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान एसडीएम रामकुमार वर्मा ने विद्यार्थियों से स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और पड़ोसियों के एसआईआर प्रपत्र भी भरने का आग्रह किया। प्रो शेर सिंह ने भी विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुभाष चंद दहिया ने प्रशिक्षकों और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सिद्धि गुप्ता, डॉ अलका जांगिड़ और डॉ प्रभाकर दीक्षित ने विशेष सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन भवानी शंकर पारीक ने किया।

## जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल व रजाई

जयपुर टाइम्स



चूरू(निसं.)। ओसवाल पंचायत भवन में हर वर्ष की भांति समाजसेवी गिरधारी बावरी व वासुदेव अग्रवाल के आर्थिक सौजन्य व रतनीदेवी मुरलीधर बावरी सोशल वेलफेयर फ़ाउंडेशन की ओर से रजाई एवं कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित की गई। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, गुलाबनाथ व कैलाशनाथ रुकनसर आदि मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि समाज सेवा का यह कार्य मानवता को मजबूत करता है और ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सेवा करना मनुष्य का परम धर्म है। हर समाजसेवी को सेवा जैसे पुनीत कार्य करने चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इस अवसर अजय लोहिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेंद्र चौबे, सुनील भाऊवाला, विश्वनाथ राजगुरू, गुरुदास भारती, मंगतूराम चोटिया, दिनेश शर्मा, पवन बगड़िया, विनोद लुणियां, शेरू गोयनका, महेन्द्र राजगढ़िया, सुधाकर सहल, रामावतार लोहिया आदि मौजूद रहे।

## नया बाजार में शौचालय निर्माण नहीं करने की मांग

सुजानगढ़(नि.सं.)। नया बाजार क्षेत्र के निवासियों ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को सौंपकर सुजानगढ़ के नया बाजार क्षेत्र में नगरपरिषद द्वारा प्रस्तावित पिंक शौचालय के निर्माण को केंसिल करने की मांग की गई है। पार्षद लियाकत अली सहित अनेक लोग उपखंड अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और उपखंड अधिकारी को बताया कि पहले से यहां पर डेयरी आवंटित कर चौक को छोटा कर दिया गया। वहीं साल में कई बार यहां पर मेले भी भरते हैं। ऐसे में यहां अगर शौचालय का निर्माण नगरपरिषद करवायेगी, तो आम जनता के लिए रास्ता बाधित होगा और साल में होने वाले तीज त्यौंहार के कार्यक्रम भी बाधित होंगे। अतः शौचालय निर्माण नया बाजार चौक में नहीं कर अन्य जगह पर करवाया जावे। ज्ञापन पर मदनलाल खत्री, मुरलीधर, मनोज, दिनेश पंसारी, पवनप कुमार, एमडी अग्रवाल, पीयूष सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षर हैं। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने ज्ञापन पर समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## फ्रेशर पार्टी का आयोजन

मण्डावा(निसं.) मंडावा नगरपालिका चौक पर स्थित पूनम बालिका महाविद्यालय में आज नवागंतुक छात्राओ के सम्मान में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या नीतू ढाका थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रवीण बगड़िया ने की । कार्यक्रम में नव आगंतुक छात्राओ ने मिस फ्रेशर का चयन करने के लिए कैट वाक, प्रश्न उत्तर राउंड,और खेल का आयोजन किया। इस में महाविद्यालय की काफी छात्राओ ने भाग लिया। जिसमे से खुशी खन्ना मिस फ्रेशर चुनी गई। वही पायल जांगिड़ और निकिता रनर अप चुनी गई। इस अवसर पर नवागन्तुक छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मिस फ्रेशर को सैश,ताज पहनाकर सम्मान किया गया। छात्राओ ने केक काटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन करने से विद्यार्थी को सिखने को मिलता है। साथ ही नये विद्यार्थी पुराने विद्यार्थियों के साथ घुल मिल जाते है और उनको घर का सा वातावरण मिलता है। पुरानी छात्राओं ने नई छात्राओ को तिलक लगाकर स्वागत् किया। इस अवसर पर जयप्रकाश सोनी,लोकेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, आकांक्षा शर्मा,कोमल शर्मा,भारती बुंदेला सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## व्यापारियों को दी एमएसएमई विकास के बारे में जानकारी

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़(नि.सं.)। सालासर रोड़ स्थित सतगुरू होटल में रेंप (राइजिंग एण्ड एक्सीलरेट एमएसएमई परफोरमेंस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चूरू से आये ट्रेनर अशोक कुमार जांगिड़ ने एमएसएमई की नई स्थापना और उसके विकास के बारे में जानकारी दी। साथ ही व्यापारियों को बताया कि पहले से स्थापित एमएसएमई की गुणवता और उत्पादन में वृद्धि के लिए सरकार किस प्रकार से प्रयासरत है। सीए अशोक कुमार ने बैंक संस्थानों से मिलने वाले लॉन, उनकी सब्सिडी सहित अन्य उपयोगी जानकारी व्यापारियों को दी। वहीं व्यापारियों ने अपने प्रश्न पूछकर जिज्ञासा को शांत किया, जिससे कार्यशाला की गुणवता बढ़ी।



अवेयरनेस वर्कशोप में जिला उद्योग प्रभारी फिरोज भाटी ने भी उपयोगी जानकारी दी। ओडीओपी, रिप्स आदि के व्यापारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एमजेएफ कमल तापड़िया, महेश डूडी सहित अनेक व्यापारीगण मौजूद रहे। एमजेएफ कमल तापड़िया ने कहा कि इस प्रकार के वर्कशोप होने से व्यापारियों को सरकार की नीतियों के बारे में ज्यादा अच्छे तरीके से जानकारी मिलती है।

राजस्थान सरकार

राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, चूरू

क्रमांक :- 452 दिनांक :-18-11-2025

मैन विद मशीन वेब कैमरा सहित खुली निविदा 03 /2025

निदेशालय आयुर्वेद विभाग राज अजमेर के पत्र क्रमांक प.2 / लेखा-2 / बजट / 2025-26/03515 एवं राजकाज रिफर्स नं 15659214 दिनांक 03.06.2025 द्वारा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (MAA) योजना के अंतर्गत मशीन विद मैन वेब कैमरा हायर किये जाने की स्वीकृति के फलस्वरूप मांग संख्या 29 के लेखा शीर्ष 2210-02-101-02-01 के उपमद 41 संविदा व्यय अन्तर्गत इस कार्यालय में एक मशीन विद मैन वेब कैमरा सहित रखा जाना है।

| क्रसं | विवरण | अनुमानित लागत | बोली शुल्क (GST सहित) | बोली हेतुं प्रतिभूति राशि (2') | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मशीन विद मैन वेब कैमरा सहित | 130000/- रूपये | 500+90=590/- रूपये | 2600/-रूपये | 25 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे | 25 नवम्बर 2025 को दोपहर 3 बजे |

प्रधान चिकित्साधिकारी
राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय
चूरू, राज0

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
19 नवम्बर, 2025

## शेखावाटी विश्वविद्यालय में मचा हंगामा छात्रों की मांग को लेकर पहुंचे छात्र



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** कटराथल स्थित शेखावाटी विश्वविद्यालय में गत कुछ दिनों पूर्व में नये प्रवेश छात्रों का कार्यक्रम की रूपरेखा का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रों से 200 रू शुल्क निर्धारित किया गया। प्रत्येक विभाग के नये छात्रों से 200 रू का शुल्क निर्धारित कर कार्यक्रम 19 नवंबर को होना है। छात्रों पर नियम व निर्धारित समय व मोबाइल प्रतिबंध के नियम के विरोध करके छात्र पहुंचे । छात्रों ने विरोध दर्ज करवाकर विश्वविद्यालय के खिलाफ नारेबाजी की। विश्वविद्यालय के प्रशासन ने छात्रों को देख कर मुख्य दवार बंद करने की कोशिश की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता राजाराम घील ने बताया कि छात्रों से 200 रू शुल्क लेकर भी विश्वविद्यालय अपने नियम थोप रहा है। एन एस यू आइ के छात्र नेता राकेश शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के द्वारा विधार्थी के कार्यक्रम को पर प्रतिबंध लगाना गलत है। अगर पैसे छात्रों के लगते हैं तों कार्यक्रम भी छात्रों के अनुसार होना चाहिए। एस एफ आई के छात्र नेता टंवर पाल सिंह ने कहां कि अगर छात्रों की मांग नहीं मानी जाए तो विधार्थी से लिए शुल्क वापस छात्रों को सोप दिए जाएं। विश्वविद्यालय प्रशासन बात करने पहुंचे। इसमें विकास गुर्जर,राहुल मेधवाल,करण,अभिनव दिनेश चोधरी,राजु बिजारणियां, उत्तम,रोनक, मुकेश तारपुरा, निशांत, अभिषेक, प्रदिप, पूजा, कृष्ण, प्रिया,अजय, आदि मौजूद रहे।

## अजय सिंह को पैनल अधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** गावं ढ़ाका का निवासी एडवोकेट को मलसीसर नगर पालिका क्षेत्र में पैनल अधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है तथा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया है । इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री महावीर ढ़ाका, राजीव ढ़ाका, रामनिवास छापुरिया, सुनील बराला, दीपचन्द ढ़ाका, प्रदीप बलारा, रजनीश ढ़ाका तथा संजीव मील आदि मौजूद थे ।

## 19 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बुरी लखनऊ में भाग लेगा 36 सदस्यों का दल, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ सरदारशहर की 36 सदस्य स्काउट गाइड दल लखनऊ में आयोजित होने वाली 19 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बुरी में भाग लेने के लिए रवाना किया गया है। इस अवसर पर किशन मोयल पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा व अभिषेक भोजक उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्काउट दल को रवाना किया गया। इस अवसर पर संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि विगत 25 वर्षों से स्थानीय संघ राष्ट्रीय जम्बुरीयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ भाग लेता आया है। जम्बुरी दल में स्थानीय संघ के चार दल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीतासर, स्वर्ण जयंती ऑपन गाइड कम्पनी सरदारशहर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालसर स्काउट गाइड दल आदि भाग ले रहें हैं। प्रभारी के रूप में बाबूलाल स्वामी सचिव, ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट सुरेश कुमार घोटड़, ट्रेनिंग काउंसलर गाइड इंदुबाला वर्मा व मिनाक्षी अग्रवाल, शिक्षाविद् गजेन्द्र सिंह राठौड़ व जयसिंह पूर्वा, स्काउट ट्रेनिंग काउंसलर विनोद कुमार मीणा, अनिल डीडवानिया, मिनाक्षी डीडवानिया, शिक्षक नेता संजय कुमार वर्मा, नीलम कंवर आदि राष्ट्रीय जम्बुरी में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगें।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने लहराया परचम

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं द्वारा लगातार तीसरे वर्ष खेल कूद प्रतियोगिताओं में परचम लहराया गया है। प्रधानाध्यापिका सुमन झोरड़ ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका



आवासीय विद्यालय चूरू द्वारा आयोजित 18 वीं खेल कूद प्रतियोगिता में सुजानगढ़ केजीबीवी की बालिकाओं ने वॉलीबॉल सीनियर वर्ग, कबड्डी सीनियर वर्ग, बैडमिंटन में विजेता एवं खो-खो में उप विजेता रही। वहीं जूनियर वर्ग में खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल में उप विजेता रही। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुई संभाग स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में विद्यालय की 19 छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिनमें से 12 छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन हुआ। वहं विजेता छात्राओं को चूरू जिला कलक्टर ने सम्मानित भी किया।

### पर्यावरण संरक्षण को नई दिशाः

# टी-टॉक 3.0 कार्यशाला का आयोजन, ज़िला कलेक्टर अरुण गर्ग ने कहा- औषधीय ज्ञान को भावी पीढ़ी के लिए प्रभावी बनाना समय की मांग

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस.)** पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, में वनस्पति शास्त्र विभाग और शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वार्षिक कार्यशाला 'टी-टॉक 3.0' का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य स्थानीय और वनस्पतियों के पारंपरिक औषधीय ज्ञान को बढ़ावा देना और उनके संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अरुण गर्ग ने औषधीय पौधों के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने आयुर्वेद में समाहित औषधीय गुणों, देशज वनस्पतियों के पारंपरिक ज्ञान और पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित किए जा रहे ऐसे वैज्ञानिक प्रयासों की सराहना की। ज़िला कलेक्टर गर्ग ने कहा, 'इन पौधों



के महत्व को अधिक से अधिक जन प्रभावी बनाने के लिए प्रयास करना आज समय की मांग है। हमें पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक संदर्भ में स्थापित कर भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. रवि प्रकाश, आयुर्वेदाचार्य ने औषधीय पादपों के वैज्ञानिक संकलन और उनकी व्यावहारिकता तथा उनसे जुड़ी भावी संभावनाओं पर अपना विस्तृत योगदान साझा किया। इसी कड़ी में, डॉ. रविकांक्षा ने विभिन्न आयुर्वेदिक पद्धतियों और पीढ़ी दर पीढ़ी संकलित होने वाले विभिन्न औषधीय पादपों के उदाहरणों के माध्यम से ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। वन संरक्षक झुंझुनूं हरेन्द्र भाकर ने ज़िले में संचालित वन पौधशालाओं में उपलब्ध औषधीय पादपों की जानकारी देते हुए उनके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने समाज से पादपों की औषधीय उपयोगिता जानने और संरक्षण के लिए सक्रिय प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यशाला के साथ ही, वनस्पति शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा औषधीय महत्व के पादपों पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में 100 से अधिक औषधीय पौधों को प्रदर्शित किया गया, जिससे क्षेत्र में मिलने वाले पादपों के पारंपरिक ज्ञान को बल मिला। प्रदर्शनी और कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ज़िला कलेक्टर अरुण गर्ग ने कहा- औषधीय ज्ञान को भावी पीढ़ी के लिए प्रभावी बनाना समय की मांग कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंजू चौधरी ने कार्यशाला के द्वारा आमजन और विद्यार्थियों को दी जाने वाली औषधीय महत्व संबंधी जानकारियों को महत्वपूर्ण बताया। अंत में, संकाय सदस्य डॉ. हरिओम आलडिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ. आकांक्षा झूड़ी एवं डॉ. बरखा सिंह ने किया।

## वीरगति के 54 साल बाद भी जिंदा हैं शहीद मोहनसिंह ख्यालिया

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** सन 1971 के भारत पाक युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के 54 साल बाद भी ग्राम पंचायत की माटी आज भी एक नाम पर रूककर सिर झुका देती है। वह नाम है शहीद मोहनसिंह ख्यालिया शिक्षाविद रामेश्वर सिंह ख्यालिया ने बताया कि ग्रामीण उन्हें सिर्फ एक शहीद नहीं,बल्कि अपना संरक्षक, आराध्य एवं अपने घर आंगन की परंपराओं का केंद्र मानते हैं। 15-11-1962 को जाट रेजिमेंट में भर्ती हुए और उत्तर प्रदेश की बरेली में पोस्टेड हुए। कुल 9 वर्ष एक माह सेवा देकर शहीद हो गए। सन 2014 में शहीद चौक में इनका स्मारक बनने के बाद यहाँ शहीद परिवार के नवविवाहित जोड़ों द्वारा शीश नवाने की परंपरा शुरू हुई। जो एक क्रम बन गया है। विद्यालय में जाने वाले नौनिहालों एवं शुभ कार्य में के समय यहाँ धोक लगाई जाती है। बारात लेकर जाने वाले दूल्हे यहां मत्था टेकते हैं। इनकी वीरांगना मातृशकि देऊ देवी ने अपने पुत्र केशर, श्रवण एवं शीशपाल को काबिल बनाया और कभी इन्हें पिता की कमी महसूस नहीं होने दी। इनका परिवार आज युवा पीढ़ी को संप्रेरित कर रहा है। स्मारक बनने के बाद हमारी सैनिकों से नजदीकियाँ बढ़ी हैं और सैनिक संघ के अच्छे विचार और संस्कार हमें सद्कार्यों की ओर प्रेरित करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विकास होकर नरोदडा पश्चिम विद्यालय का नामकरण शहीद के नाम हुआ। गाँव में राजकीय महाविद्यालय बना। सभी विद्यालयों एवं अस्पताल की क्रमोन्नत्ति हुई। शहीद पुत्र केशरदेव ख्यालिया ने बताया कि आगामी 7 दिसंबर को यहाँ खेलकूद प्रतियोगिता एवं 10 दिसंबर को पुरुष्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें ग्रामीण,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर संघ के सैनिक उपस्थित रहेंगे।

## झुंझुनूं में खांसी-जुकाम का मरीज बढ़ेः कई अस्पतालों में कफ सिरप का स्टॉक खत्म

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** मौसम में अचानक आए बदलाव का असर जिलेभर में साफ दिखाई दे रहा है। खांसी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। जिला अस्पतालों में रोजाना आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा लोग खांसी की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन समस्या यह है कि अधिकतर अस्पतालों में खांसी के सिरप का स्टॉक या तो खत्म हो चुका है या बेहद सीमित बचा है। नतीजतन डॉक्टरों ने अब अपने पर्चे बदल दिए हैं- जहां पहले कफ सिरप आमतौर पर लिखा जाता था, वहीं अब डॉक्टर मरीजों को टैबलेट देने पर जोर दे रहे हैं। जिले के कई अस्पतालों में खांसी के सिरप की अनुपलब्धता ने हेल्थ व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बढ़ते मरीजों के बीच सीमित सप्लाई से डॉक्टर और मरीज दोनों परेशान हैं। झुंझुनूं के सबसे बड़े बीडीके अस्पताल में खांसी के सिरप की भारी कमी बनी हुई है। यहां रोजाना तीन हजार से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं, जिनमें सैकड़ों सिर्फ खांसी की शिकायत लेकर आते हैं। डॉक्टरों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से मिली सप्लाई में इस बार केवल 1000 कफ सिरप की खेप भेजी गई, जो कुछ ही दिनों में खत्म हो गई। हाल ही में राजस्थान में कफ सिरप से जुड़ी एक घटना के बाद एक ब्रांड पर पाबंदी लगाई गई थी, जिसका सीधा असर सरकारी सप्लाई पर पड़ा है। डॉक्टरों के अनुसार, सीमित स्टॉक को बचाने के लिए सिरप केवल उन मरीजों को दिया जा रहा है जिन्हें वास्तव में जरूरत है। बाकी मरीजों को टैबलेट देकर ही इलाज किया जा रहा है। कई मरीजों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों को सिरप की जरूरत पड़ती है, लेकिन उपलब्ध नहीं होने से दिक्कत आ रही है। दूसरी ओर, डॉक्टरों का कहना है कि अब कई लोग सिरप को लेकर सावधान हो गए हैं और टैबलेट को ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। जिले के चिड़ावा उप जिला अस्पताल की स्थिति बाकी जगहों से अलग है। यहां मरीजों की संख्या जरूर बढ़ी है, लेकिन कफ सिरप का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़ ने बताया कि रोजाना करीब चार सौ मरीज आ रहे हैं और



जरूरत के हिसाब से बच्चों को एंटी-कोल्ड सिरप व बड़ों को कफ सिरप दी जा रही है। जरूरत पड़ने पर टैबलेट भी उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन सिरप की कमी नहीं है। मंडावा सामुदायिक हेल्थ केंद्र में रोजाना दो सौ मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें से 100 से अधिक खांसी से पीड़ित हैं। यहां डेक्सट्रोमिथॉर्फन सिरप की सप्लाई बंद है, लेकिन अन्य विकल्प मौजूद हैं। डॉ. संजीव कुलहरि ने बताया कि मरीजों को एब्रॉक्सोल, सैल्बुटामॉल और सिट्रीज़ीन युक्त सिरप दी जा रही है। फार्मासिस्ट राजेश पूनिया ने कहा कि वर्तमान में इन दवाओं का पर्याप्त स्टॉक है, इसलिए अस्पताल में किल्लत नहीं है। बुहाना सीएचसी में स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यहां रोजाना करीब पचास मरीज खांसी-बुखार लेकर आते हैं, लेकिन अस्पताल में सिरप उपलब्ध नहीं है। डॉक्टरों ने स्वीकार किया कि अधिक खांसी वाले मरीजों को बाहर से सिरप खरीदने की सलाह दी जा रही है। नवलगढ़ के जिला अस्पताल में ओपीडी रोजाना दो हजार तक पहुंच रही है। इनमें लगभग 300 मरीज खांसी-जुकाम से पीड़ित हैं। लेकिन यहाँ सबसे बड़ी समस्या यह है कि राज्य स्तर से खांसी की सिरप की सप्लाई पिछले पांच महीनों से नहीं आई। पीएमओ डॉ. महेंद्र कुमार सबलानिया ने बताया कि स्थानीय दवा भंडार से ऑप्शनल दवाएं मंगवाकर मरीजों को राहत देने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल एब्रॉक्सोल-टरब्यूटालाइन सॉल्ट वाली दवा मिलने से कुछ हद तक राहत मिली है, लेकिन लगातार बढ़ते मरीजों के सामने यह पर्याप्त नहीं है।

## पुलिस ने भामाशाह के सहयोग से दुपहिया वाहन चालकों को पहनाएं हेलमेट



### थानाधिकारी और यातायात पुलिस के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** वर्तमान समय में बढ़ रहे सड़क हादसों और उनमें होने वाली अकाल मौत के आंकड़ों में कमी लाने के लिए पूरे राजस्थान भर में 3 नवम्बर से 18 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरदारशहर में भी सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को देखते हुए शहर के भामाशाह बनवारीलाल कस्वां ने यातायात प्रभारी हेड कांस्टेबल गणपतराम और कांस्टेबल नरेंद्र दहिया की प्रेरणा से लगातार पांचवीं बार हेलमेट वितरित किए हैं। शहर के अशोक स्तंभ पर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई, डीएसपी कुलदीप वालिया, यातायात प्रभारी हेड कांस्टेबल गणपतराम, कांस्टेबल नरेंद्र दहिया, सत्यप्रकाश मीणा और भामाशाह बनवारी लाल कस्वां ने हाईवे से गुजर रहे 51 दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाए। सभी दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की अपील की गई। इस अवसर पर भामाशाह बनवारी लाल कस्वां ने कहा कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत 5 सालों से दुपहिया वाहन चालकों को मेरी ओर से हेलमेट दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखने को मिलता है कि दुर्घटना में घायल दुपहिया वाहन चालक के सर में चोट आने के कारण उसकी अकाल मृत्यु हो जाती है। अगर दुपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर वाहन चलाये तो शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट आ सकती है लेकिन सर में चोट नहीं लगे तो उसकी जान बचाई जा सकती है। उसको देखते हुए उन्होंने 51 हेलमेट पुलिस प्रशासन के सहयोग से दुपहिया वाहन चालकों को पहनाए हैं। इस अवसर पर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई और यातायात प्रभारी हेड कांस्टेबल गणपतराम ने कहा कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत भामाशाह बनवारी लाल कस्वां के आर्थिक सहयोग से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाए गए हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही अपना वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि आगे से अगर कोई भी दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाता हुआ नजर आता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने भामाशाह बनवारी लाल कस्वां का आभार व्यक्त किया।।

## यूं तो रिश्तों को निभाना खासा मुश्किल काम है, लेकिन चूरू में यहां मुस्लिम भाईयों और उसकी हिंदू बहन का रिश्ता परंपराओं की मिसाल बना है

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** गढ़ के पास वार्ड नं. 41 निवासी नन्दनी राजोतिया के यहां शादी समारोह में मुस्लिम तेली समाज के भाई रफीक चौहान आईटी सैल, समाजसेवी असलम एमआर, रफीक राजगढ़िया, इस्माईल चौहान, मंगतु भाटी, इस्माईल भाटी, गुलाम हुसैन गौरी, याकुब राजगढ़िया, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, हारून मलनस मारको, सलीम चौहान इत्यादि ने हिन्दू बहिन नन्दनी राजोतिया को चुंदड़ी उढ़ाकर एक लाख इक्कीसों रूपये कन्या दान स्वरूप भेंट कर बहिन की शादी में भाईयों का फर्ज निभाया। चूरू निवासी परमेश्वर लाल राजोतिया का निधन हो चुका है तथा उनके कोई लड़का भी नहीं है तथा माता बिमार है ऐसी परिस्थिति में परमेश्वर लाल राजोतिया की पुञी नन्दनी के शादी के अवसर पर मुस्लिम भाई आगे आयें ओर बहिन की शादी में एक लाख इक्कीसों रूपये कन्या दान स्वरूप भेंट सांप्रदायिक सद्भाव एवं सोहार्द की अनूठी मिशाल कायम की है। जाति धर्म से उपर उठकर गंगा जमुना तहजीब को समर्पित भाई बहन के पाक पवित्र रिश्ते को चरितार्थ करने वाले इस पावन अवसर पर सपना शर्मा, दुर्गा वर्मा, भंवर लाल जांगिड़, सुभाष जांगिड, सत्यनारायण जांगिड़, जगदीश सौनी, महबूब भाटी, इब्राहिम सौलकीं, असगर चौहान सहित बड़ी संख्या में सर्वसमाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झुंझुनूं में बिना फिटनेस 1000+भारी वाहनों को नोटिस जारीः 15 दिन में फिटनेस नहीं कराने पर आरसी सस्पेंड करने की दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस.)** झुंझुनूं की सड़कों पर दौड़ते डंपर, ट्रक और ट्रेलर अब केवल माल नहीं, बल्कि लापरवाही का बोझ भी ढो रहे थे। जिले में पंजीकृत करीब 1700 भारी वाहनों में से एक हजार से अधिक ऐसे थे जिनकी फिटनेस काफी समय पहले समाप्त हो चुकी थी, लेकिन ये बेरोकटोक सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे थे। अब विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। 1000 से अधिक वाहन मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। जिला परिवहन अधिकारी (ष्ठञ्जह्र) मोनू मीणा ने बताया कि बिना फिटनेस, इंश्योरेंस और पोल्यूशन वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती की जा रही है। विभाग ने 1000 से अधिक लापरवाह वाहन मालिकों को अंतिम चेतावनी देते हुए 15 दिन की मोहलत दी है- फिटनेस कराओ या फिर निलंबन के लिए तैयार रहो। जिला परिवहन




विभाग की विस्तृत जांच में सामने आया कि झुंझुनूं जिले में भारी वाहनों की स्थिति सड़क सुरक्षा के लिहाज़ से बेहद चिंताजनक थी। जिले में पंजीकृत वाहनः जिले में डंपर, ट्रक, ट्रेलर और अन्य लोडिंग वाहन करीब 1700 पंजीकृत हैं। इनमें से एक हजार से अधिक वाहनों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी थी। कुछ की फिटनेस दो माह पहले, जबकि कई की छह माह से भी अधिक समय पहले खत्म हो चुकी थी। इन वाहनों का लगातार सड़कों पर चलना बड़े सड़क हादसों का एक प्रमुख कारण बन रहा था, क्योंकि बिना फिटनेस के ब्रेक सिस्टम, टायर और लोडिंग स्ट्रक्चर असुरक्षित हो जाते हैं। प्रदेश में हुए दो भीषण सड़क हादसों ने सरकार को भारी वाहनों की जांच के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर मजबूर कर दिया। हरमाड़ा (जयपुर) हादसाः शराबी डंपर चालक ने 15 लोगों को कुचला। सरकार के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग ने प्रदेशभर में बिना फिटनेस वाले वाहनों के खिलाफ व्यापक जांच अभियान शुरू कर दिया है। डीटीओ मोनू मीणा के नेतृत्व में परिवहन निरीक्षकों की टीमें पिछले एक सप्ताह से जिले के प्रमुख चौराहों और हाईवे पर मुस्तैद हैं। जांच के मुख्य बिंदुः हर गुजरते भार वाहन के फिटनेस, इंश्योरेंस, पोल्यूशन और रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों की गहन जाँच की जा रही है। तत्काल कार्रवाईः फिटनेस नहीं पाए जाने पर वाहन मालिकों को तत्काल नोटिस जारी किए जा रहे हैं। विभाग ने एक हजार से अधिक वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर 15 दिन की मोहलत दी है ताकि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज पूरे करा लें। अगर इस अवधि में वाहन मालिक फिटनेस नहीं कराते हैं, तो विभाग सीधे उनकी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) निलंबित कर देगा। अब तक की कार्रवाईः विभाग अब तक 10 वाहनों की निलंबित कर चुका है, जबकि 20 से अधिक वाहनों के चालान काटे गए हैं। सख्ती अभियान शुरू होने का सकारात्मक प्रभाव अब ज़मीनी स्तर पर दिखने लगा है। विभागीय कार्रवाई के डर से वाहन मालिक अब अपनी गाड़ियों को फिटनेस, बीमा और पोल्यूशन जांच के लिए तेजी से ले जा रहे हैं। भारी वाहनों की फिटनेस जांच केवल एक सरकारी औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह सड़क सुरक्षा की पहली शर्त है।